
पेज -4 पर
अब जरूरत के समय किसी से पैसा मांगने की नहीं आएगी नौबत


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 94 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 6 फरवरी 2024



पेज -8 पर
राज्य सभा संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने विधायक रामकुमार टोप्पो का सम्मानित कर ...


JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद अब तक की सबसे बड़ी धान खरीदी

## 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान

**किसानों से 144.92 लाख टन धान की हुई रिकॉर्ड खरीदी**

**धान खरीदी के एवज में किसानों को 30 हजार 68 करोड़ रूपए का भुगतान**



**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर अब तक की सबसे बड़ी धान की खरीदी हुई है। एक नवंबर से 04 फरवरी तक चले इस अभियान में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद अब तक हुई यह सबसे बड़ी धान खरीदी है। इस वर्ष 130 लाख टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया था। इस साल की धान खरीदी की तुलना करने पर यह पिछली धान खरीदी से 37.39 लाख टन अधिक है। पिछले साल 107.53 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गई। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान की खरीदी की गई है। वर्तमान में किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। जल्द ही अंतर की राशि का भुगतान किसानों को किया जाएगा। धान खरीदी सीजन में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में किसानों को 30 हजार 68 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसानों एवं किसान प्रतिनिधियों की मांग और उनकी परेशानियों को देखते हुए धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी से बढ़ाकर 4 फरवरी कर दी थी।

## एक नजर

### माजदा तालाब में गिरने से 9 लोग घायल, ड्राइवर की लापरवाही से हादसा



**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम पिपरसत्ती गांव में मोड़ के पास तेज रफ्तार माजदा वाहन अनियंत्रित होकर तालाब के अंदर जा पलटी है। माजदा वाहन में 30 लोग सवार होकर चमत्कारी तालाब में नहाने के लिए जा रहे थे। हादसे में एक बच्ची सहित 9 लोगों को चोट आई है। सभी को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल अकलतरा में भर्ती कराया गया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार, अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मधुवा के रहने वाले सभी 30 लोग आज सुबह करीबन 5 बजे अपने घर से माजदा वाहन में सवार होकर मुंगेली जिले के पेंड्री गांव के तालाब में नहाने के लिए जा रहे थे।

### पुरानी रंजिश में दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्रमें दो युवकों ने एक युवक पर पुराने विवाद के चलते चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उन पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार एक वर्ष पहले जय और आरोपितों के बीच विवाद हुआ था, जिसका बदला लेने की नीयत से उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों का भरोसा जीतेगी सरकार-राज्यपाल

रायपुर। बजट सत्र के लिए सदन में कार्यवाही शुरू हो गई है। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के अभिभाषण के बाद भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसकी चर्चा 7 और 8 फरवरी को होगी।



इससे पहले सदन में सीएम विष्णु देव साय ने सभी मंत्रियों का परिचय कराया।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने अपने संबोधन में कहा कि, हमारी सरकार किसानों की हितैषी सरकार है। किसानों के कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रही है। सरकार बनते ही बकाया बोनस की राशि किसानों के खाते में पहुचाई गई है। साथ ही मोदी गारंटी पर काम किया जा रहा है। %जल जीवन मिशन% को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। पीएम आवास, महतारी वंदन जैसी योजना का उल्लेख किया गया है। नक्सलियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही हमारी सरकार कर रही है इसे भी बताया गया है। हालांकि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही 5 मिनट तक स्थगित हो गई थी।

अभिभाषण के बीच विपक्ष की टोका टाकी जारी रही है। राज्यपाल के अंग्रेजी में भाषण पढ़ने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, भाषण को पढ़ा हुआ मान लिया जाए, वहीं पूर्व सीएम ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, राज्यपाल से असत्य कथन बुलवा रही है।

राज्यपाल ने बताया कि, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लोगों का विश्वास राज्य सरकार जीतेगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जिला पुलिस बल के निर्देशों के साथ कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार विभिन्न सांस्कृतियों को बढ़ावा दे रही है, पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। शक्तिपीठों को हमारी सरकार संस्कृति के साथ पर्यटन का केंद्र बना रही है। पर्यटन के विकास के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है।






राज्यपाल ने कहा कि, सामाजिक सद्भाव को बनाने सरकार हर मोर्चे पर कार्य कर रही है। श्री राम का नाम दुनिया के साथ छत्तीसगढ़ में रामायण मंडलियों की तरफ से जोड़ा गया है। श्री रामलला योजना शुरू करके हमारी सरकार अयोध्या में लोगों को दर्शन करा रही है। राज्यपाल ने कहा कि, विज्ञान केंद्र में विज्ञान के आविष्कार से स्टूडेंट्स को रूबरू कराया जा रहा है। मेरी सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अमलीजामा पहनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मेरी सरकार ने नौकरियों में उम्र की सीमा को पांच साल बढ़ाकर रोज़गार के लिए अवसर दिया है।

# कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को दी जाएगी धान धान खरीदी के अंतर की राशि

### अनुपूरक बजट में 12 हजार करोड़ रुपये का किया गया प्रावधान

**रायपुर.** सदन में वित्तीय अनुपूरक बजट में किसानों के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. सरकार कृषक उन्नति योजना की शुरुआत करेगी. जिसमें किसानों को धान खरीदी में अंतर की राशि दी जाएगी. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ये बयान दिया है.

बता दें कि भाजपा ने चुनाव में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी का वादा किया था. अभी फिलहाल समर्थन मूल्य पर खरीदी हो रही है. कृषक उन्नति योजना से किसानों को अंतर की राशि दी जाएगी.

#### क्या है कृषि उन्नति योजना ?

कृषक उन्नति योजना छत्तीसगढ़ के किसानों को ध्यान में रखते हुए शुरू करने की घोषणा की गई थी. कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा लाभार्थी किसान से धान की खरीद की जाएगी. किसान से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा



3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाएगी. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हर किसान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीद की जाएगी. इसके अलावा सरकार द्वारा बोरियो की उपलब्धता भी धान खरीदने से पहले सुनिश्चित की जाएगी. किसानों को एक किश्त में पूरा भुगतान मिल जाए और उनको लम्बी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़े, ये सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा हर पंचायत भवन में बैंको में नगद आहरण काउंटर स्थापित किए जाएगे.

# विधानसभा में नेताओं का मजाकिया अंदाज

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल बोले- बृजमोहन को मिला बच्चा खिलाने का काम, जवाब में मंत्री ने कहा- चिंता मत करिए आपको भी खेलाऊंगा

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के पहले दिन विधानसभा में नेताओं के बीच हंसी-मजाक होता नजर आया. इस दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से चुटकी लेते हुए कहा, बृजमोहन अग्रवाल सबसे वरिष्ठ नेता हैं. उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग दिया गया है, बच्चा खिलाने का काम दे दिया गया है. जैसे घर में दादा को बच्चों को सम्भालने की जिम्मेदारी दी जाती है. वैसे ही बृजमोहन अग्रवाल को जिम्मेदारी दी है.



वहीं भूपेश बघेल के बयान के बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी चुटकी लेते हुए जवाब में कहा, भूपेश जी चिंता मत करिए, आपको भी खेलाऊंगा. इतना ही नहीं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा, माघी मेला में डुबकी लगाइए तब पाप धुलेगा. जिस पर पलटवार करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा, अभी से उड़ने लगे हवा में, अभी तो दौलत नई-नई है.

### लाल आतंक पर करारा प्रहार

# 2 कुख्यात इनामी नक्सलियों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर.** लाल आतंक के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं. जिन 2 नक्सलियों को पुलिस ने दबोचा है वे नगर सैनिक और जवान हत्या मामले में भी शामिल थे.

बता दें कि, सर्चिंग के दौरान पुलिस ने 5- 5 लाख के दो इनामी




नक्सली को गिरफ्तार किया है. जिसमें कमांडर विनोद अवलम और डिप्टी कमांडर आसू कोरसा शामिल है. दोनों को जिला मुख्यलाय के नजदीक मुजालगोंदी गांव से पकड़ा गया है. जिनके पास से 12 बोर की बंदूक, पिस्टल समेत राउंड भी बरामद हुआ है. जानकारी के अनुसार, दोनों कुख्यात नगर सैनिक और आर्मी जवान की हत्या में भी शामिल रहे हैं. पूछताछ में पुलिस को अहम सुराग मिलने के आसार हैं. दोनों की गिरफ्तारी की जानकारी एसपी दिव्यांग पटेल ने दी है.

### ननकीराम कंवर ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को लिखा पत्र

# आत्मानंद स्कूल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग की

**रायपुर।** बीजेपी नेता ननकीराम कंवर ने कांग्रेस शासन काल में पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिनोवेशन व सामग्री सप्लाई में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। सामग्री निम्न स्तर का सप्लाई किया गया है।


ननकी राम कंवर

जो वर्तमान स्थिति में बहुत खराब हो चुकी है स्तर हिन सामग्री सप्लाई की जांच राज्य स्तर पर समिति बनाकर पुरे प्रदेश मे जिला खनिज न्यास मद की राशी मे आत्मानंद स्कूल के रिनोवेशन व सामग्री सप्लाई में हुये भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषी ठेकेदार व संबंधित ऐंजेनसी के अधिकारी कर्मचारी के विरुध्द अपराधिक मामला दर्ज कर राशी वसुली की कार्यवाही करने की मांग की गई है। इसकी जानकारी अनिल चौरसिया के द्वारा दी गई है।

### महिला से मारपीट

**रायपुर ।** सीतला मंदिर के पास चंगोराभाठा में घरेलू विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

प्रार्थिया पूजा देवांगन 23 वर्ष सीतला मंदिर के पास चंगोराभाठा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी पति चिंताराम देवांगन 27 वर्ष ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

# बीएसपी के जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर को 5 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा सीबीआई ने

**भिलाई।** सीबीआई द्वारा नगर सेवा विभाग भवन में आज बीएसपी का जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर को ?5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूरा मामला प्रार्थी को रिश्वत लेकर क्वार्टर अलॉटमेंट का बताया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर सेवा विभाग के एनफोर्समेंट डिपार्मेंट में अस्थाई तौर पर कार्यरत कर्मचारी समशुल जमा के द्वारा मकान आवंटन के लिए रिश्वत की मांग प्रार्थी से की गई थी। दोनों के पक्षों के मध्य 5000 में सौदा तय हुआ था। योजना के अनुसार प्रार्थी के




द्वारा इसकी शिकायत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई रायपुर से कर दी गई थी। इसके तहत आज नगर सेवा विभाग भवन में आज बीएसपी कर्मी समशुल जमा को 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। समशुल जमा को पकड़ने वाली सीबीआई टीम अपने साथ ले गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक समशुल जमा मूलत: बीएसपी के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। विगत चार माह से उसे मैनपावर की कमी के कारण अस्थाई तौर पर प्रवर्तन विभाग में भेजा गया था।

# मोदी हैं चक्रवर्ती सम्राट, एक हजार साल में इकलौता हिंदू शासक

गांधीनगर । अहमदाबाद में संतों के एक सम्मेलन में पीएम मोदी की जमकर तारीफ की गई। अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव जितेंद्रानंद जी ने पीएम मोदी को पिछले 1000 साल में एकमात्र हिंदू शासक और चक्रवर्ती सम्राट बताया।



## बड़े संत बोले- हम करते हैं प्यार

संत ने कहा कि उनका प्रेम भाजपा के लिए नहीं बल्कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए है। जितेंद्रानंद जी ने कहा, हम मोदी और अमित शाह को प्यार करते हैं, भाजपा को नहीं। दुविधा में ना रहें। क्योंकि भाजपा में कई ऐसे नेता भी हैं जिन्हें धर्म से कुछ लेना देना नहीं। हम मोदी और शाह से प्रेम करते हैं क्योंकि पिछले 1000 साल में मोदी ही एकमात्र हिंदू शासक हैं। संत ने कहा, हम मोदी और अमित शाह से प्यार करते हैं बीजेपी से नहीं। दुविधा में ना रहें, क्योंकि भाजपा में बहुत से नास्तिक भी हैं, जिनका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। हम मोदी और शाह से प्रेम करते हैं क्योंकि पिछले 1000 सालों में मोदी एकमात्र हिंदू शासक हैं। हमें उन पर गर्व है। जितेंद्रानंद जी ने पीएम मोदी को चक्रवर्ती सम्राट कहा और उन्हें राजर्षि की उपाधि भी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में राजर्षि होने के सभी गुण मौजूद हैं। राजर्षि ऐसे राजा को कहा जाता है जो विद्वान भी हो। कांग्रेस की ओर से सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरपयोग के आरोप लगाए जाने के संदर्भ में उन्होंने कहा, रामजन्मभूमि न्यास को टारगेट करके इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से 22 नोटिस दिए गए और छापेमारी की गई।

# 'भारत रत्न' में घुली 'चुनावी चमक' के नरेटिव का धुंधला सच

दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले शीर्ष पुरस्कारों की इस कवायद के पीछे नीयत भाजपा के पक्ष में वोटों को खींचना है। गौरतलब है कि बीते एक पखवाड़े में देश की दो अजीम सियासी हस्तियों समाजवादी नेता और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को पिछड़ी जातियों के सामाजिक राजनीतिक उत्थान के लिए मरणोपरांत तथा भाजपा के वरिष्ठतम नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को राष्ट्रीय एकता, देश के सांस्कृतिक उत्थान व अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भारत रत्न देने का ऐलान हुआ। घोषित तौर पर दोनों को यह पुरस्कार उनकी अन्यतम देश सेवा के लिए दिया गया है।

'भारत रत्न' ऐसा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है, जो राष्ट्रपति सीधे प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देते हैं। पहले यह कला, साहित्य, विज्ञान और लोकसेवा को लेकर ही दिए जाते थे। बाद में नियमों में संशोधन कर इसे अन्य क्षेत्रों के लिए विस्तारित कर दिया गया है। हालांकि देश का यह सबसे बड़ा नागरिक सम्मान कई बार सवालों के घेरे में रहा है। खासकर राजनेताओं को ये पुरस्कार देने के पीछे मंशा को लेकर।

इस बार भी इस पुरस्कार की टाइमिंग और पात्र चयन के संदर्भ में यह नैरेटिव बनाने की कोशिश हुई कि कर्पूरी ठाकुर के रूप में पहली बार देश में किसी अति पिछड़ी जाति के व्यक्ति को सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है, जबकि आडवाणी के बारे में कहा गया कि कभी हाशिए पर पड़ी भाजपा उन्हीं के भागीरथ प्रयासों से आज दिल्ली के तख्त पर काबिज है और देश के बहुसंख्यक हिंदुओं की आकांक्षा अयोध्या में राम मंदिर ने आकार ग्रहण किया है। जाहिर है कि इसमें निहित राजनीतिक संदेश यही है कि इन भारत रत्नों के जरिए मोदी सरकार ने बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में भी अति पिछड़ी जातियों तथा आडवाणी के माध्यम से कट्टर हिंदुत्ववादी वोटों को साधने की कोशिश की है। माना जा रहा है कि 'भारत रत्न' दिए जाने की खुशी कहीं न कहीं वोटों में तब्दील हो सकती है। अपेक्षा और अनुमान के स्तर पर यह बात सही हो सकती है, लेकिन अगर भारत में पिछले पचास सालो में दिए गए भारत रत्न सम्मानों, इस सम्मान से सम्मानित होने वाली हस्तियों और इस सम्मान की घोषणा के सालभर के अंदर देश में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों




*मोदी सरकार द्वारा हाल में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से दो राजनीतिक विभूतियों को सम्मानित करने ऐलान के बाद एक नैरेटिव यह बनाने की कोशिश हो रही है कि इसके पीछे सम्मान और कृतज्ञता का भाव कम और सियासी एंगल ज्यादा है।*

के नतीजों को परखें तो तस्वीर कुछ और ही नजर आती है। ज्यादातर मामलों में भारत रत्न घोषित करने वाली सत्तारूढ़ पार्टी को इसका चुनावी लाभ अपवाद स्वरूप ही मिला है।

अगर वो चुनाव जीती भी है तो उसके कारण दूसरे हैं न कि किसी फलां जाति, धर्म, प्रदेश अथवा समुदाय के व्यक्ति को भारत रत्न देने के कारण। इसका सीधा अर्थ यह है कि भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार इस सत्ताकांक्षी संकुचित सोच से कहीं ऊपर है और देश की जनता भी अमूमन उसे उसी रूप में लेती है, यह मानकर कि भारत रत्न जैसे राष्ट्रीय गौरव के मुद्दे को वोटों के क्षुद्र अंकगणित में नहीं तौला जाना चाहिए, भले ही सरकारें इस पुरस्कार के पीछे प्रतिभा के सम्मान के साथ वोटों की गोलबंदी का अघोषित तड़का लगाने की कोशिश करती महसूस हों।

अगर हम पिछले पचास सालों में घोषित भारत रत्न पुरस्कारों और इस घोषणा के सन्निकट लोकसभा व विधानसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करें तो कई बातें साफ हो जाएंगी। इस तरह की पहली धुंधली कोशिश देश के पूर्व प्रधानमंत्री और सादगी की प्रतिमूर्ति कहे जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मानी जा सकती है। तब देश में कांग्रेस की सरकार थी। शास्त्री जी का निधन 1966 में हुआ और 1965 के भारत- पाक युद्ध में भारत की जीत के चलते उन्हें भारत रत्न मरणोपरांत दिया गया। उसके अगले ही साल 1967 में देश में लोकसभा के चुनाव हुए। तब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी और प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं। उस चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आने के लिए जैसे- तैसे बहुमत जुटा पाई। उसकी जीती हुई सीटों का आंकड़ा अब तक न्यूनतम था। यानी कांग्रेस को शास्त्रीजी को भारत रत्न देने का कोई विशेष राजनीतिक लाभ नहीं हुआ। बल्कि कांग्रेस उस उत्तर प्रदेश, जो शास्त्री जी का गृह प्रदेश भी था, में 1967 के विधानसभा चुनाव में बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू पाई।इसी तरह 1990 में तत्कालीन जनता दल सरकार और उसके प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जन्म शताब्दी पर उन्हें तथा महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को मरणोपरांत भारत रत्न देने का ऐलान किया ( सुभाष बाबू को मरणोपरांत भारत रत्न देने पर भी सवाल उठा था, क्योंकि उनकी मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है)। लेकिन अगले ही साल 1991 में हुए आम चुनाव में वीपी सिंह की पार्टी सत्ता से बेदखल हो गई। ऐसा ही एक नैरेटिव 2013 में बनाने का प्रयास हुआ जब केंद्र में प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व कार्यरत यूपीए- 2 सरकार ने महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न देने का ऐलान कर दिया।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### बैचेन ममता, निशाने पर कांग्रेस!


पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी जितना हमला भाजपा पर नहीं कर रही हैं उससे ज्यादा हमला कांग्रेस पर कर रही हैं। कांग्रेस नेता भी ममता को निशाना बना रहे हैं हालांकि राहुल गांधी ने सद्भाव दिखाया है लेकिन प्रदेश के नेताओं पर कोई रोक नहीं है। तभी ऐसा लग रहा है कि बंगाल में ममता का मुकाबला कांग्रेस के साथ है। उन्होंने पहले लेफ्ट मोर्चे को निशाना बनाया और कहा वह आतंकवादी पार्टी है। उन्होंने कांग्रेस को आगाह किया कि वह लेफ्ट के साथ नहीं दिखे। ममता ने यहां तक कहा कि अगर लेफ्ट के नेता राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होंगे तो तृणमूल कांग्रेस उससे अलग रहेगी। हालांकि लेफ्ट के नेता नहीं शामिल होते तब भी ममता को यात्रा से दूर ही रहना था।

उन्होंने राहुल की यात्रा बंगाल में घुसने से पहले ही कह दिया था कि वे अकेले सभी सीटों पर लड़ेंगी। सवाल है कि जब उन्होंने अकेले सभी सीटों पर लड़ने का फैसला कर लिया है तो कांग्रेस की यात्रा में कौन शामिल होता है और कौन नहीं शामिल होता है इससे उनको क्या मतलब है। लेकिन उनको मतलब है क्योंकि उनको लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी नुकसान पहुंचा सकती है। उनकी ज्यादा चिंता इस बात की है कि अगर कांग्रेस और लेफ्ट मिल कर लड़े तो मुस्लिम मतदाताओं में उसका बड़ा मैसेज होगा। इसका असर मुर्शिदाबाद और माल्दा में होगा, जहां कई सीटें तृणमूल कांग्रेस हार सकती है। अगर दोनों पार्टियों ने मुस्लिम वोट का थोड़ा सा भी बंटवारा करा दिया तो ममता की पार्टी को बड़ा नुकसान हो जाएगा। तभी वे बेचैन हैं। वे कांग्रेस को साथ लाना भी चाह रही हैं।

## उल्लेखनीय रही अब तक की यात्रा, निचले तबके तक पहुंच रहा विकास

य ह हमारे देश की उपलब्धि रही है कि हमारा लोकतंत्र न केवल बीते साढ़े सात दशकों में परिपक्व हुआ है, बल्कि समृद्ध भी हुआ है। जब हमने 1950 में अपने संविधान को अपनाया, तब दुनिया दूसरे विश्वयुद्ध और उपनिवेशवाद के परिणामों से निपट रही थी। उस समय देश गरीबी और औपनिवेशिक शोषण के गहरे घाव झेल रहा था।

कई पर्यवेक्षक तो यहां तक कहते थे कि भारत में लोकतंत्र ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रहेगा, लेकिन आज हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। सामाजिक-आर्थिक विकास और राजनीतिक शक्ति निचले तबके के 40 फीसदी लोगों सहित समाज के हर वर्ग में पहुंचा है। 1991 में हुए आर्थिक उदारीकरण के चलते आर्थिक विकास की गति तीव्र हुई है, जो वित्त वर्ष 1991 के 5.32 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 296.57 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यानी 33 वर्षों में 13 फीसदी की संचयी वार्षिक विकास दर! यह भारतीय इतिहास की एक अनूठी उपलब्धि है। इस दशक में आधारभूत ढांचे के विकास पर खर्च में भारी बढ़ोतरी, वित्तीय क्षेत्र में बचत एवं निवेश में वृद्धि, विनिर्माण एवं उत्पादन में वृद्धि और बहुत बड़ी आबादी का तकनीकी आधारित समावेश पहल विकास को गति दे रही है। भारत अब नॉमिनल जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में तीसरी



सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। हमारी उपलब्धियां जहां हमें अब तक की यात्रा के बारे में बताती हैं, वहीं कमियां आगे की चुनौतियों का पता देती हैं। हमारी सबसे बड़ी कमियों में से एक है न्याय की कमी, जो आबादी के एक बड़े हिस्से को देर से मिलता है। एक अनुमान के मुताबिक, ढाई लाख विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं, जो अदालतों के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और जिन आरोपों में वे जेल में बंद हैं, उनकी अधिकतम सजा का आधे से ज्यादा हिस्सा उन्होंने जेल में बिता दिया है। कई ऐसे भी मामले हैं, जिनमें निर्दोष लोग 15-20 वर्षों तक जेलों में बंद रहे और फिर सबूतों के अभाव में रिहा हो गए। न्याय प्रणाली द्वारा मुकदमा चलाने की धीमी गति के कारण भ्रष्ट राजनेता अपनी कपटपूर्ण गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम हैं। ऐसे में न्याय क्षमता का निर्माण तेजी से होना चाहिए, खासकर निचली अदालतों में। भारत में प्रति दस लाख की आबादी पर मुश्किल से 21 जज हैं, जबकि 100 जज होने चाहिए। न्याय एक सभ्य समाज का आधार है, और भारत को तुरंत इस आधार का सशक्तीकरण सुनिश्चित करना चाहिए। समान नागरिक संहिता और इस तरह के अन्य कानून की कमी देश को धर्म और जाति में बांट रही है। 75 वर्षों से ज्यादा समय से आरक्षण यह सुनिश्चित करने का साधन रहा है कि सभी समूहों को समान अवसर मिले। हालांकि आरक्षण ने निश्चित रूप से बहिष्कृत समाजों की भागीदारी और समावेशन बढ़ाने का काम किया है, लेकिन निर्विवाद रूप से क्रीमी लेयर का उदय आरक्षण के लाभों पर हावी है। इसके अलावा, समान नागरिक संहिता का न होना, निश्चित रूप से समाज के कुछ समूहों पर अन्यायपूर्ण प्रभाव डाल रहा है, जैसे मुस्लिम महिलाएं, जो आबादी का आठ प्रतिशत हैं। संविधान में अंतर्निहित समानता के वादे में पूर्ण लैंगिक समानता भी शामिल होनी चाहिए। हिंदू महिलाओं को अपने पुरुष समकक्षों की तरह अधिकांश अधिकार प्राप्त हैं, जबकि अलग धार्मिक कानून की वजह से मुस्लिम महिलाओं को वह लाभ नहीं मिलता, जिसका फायदा अनुचित रूप से मुस्लिम पुरुष उठाते हैं। समान नागरिक संहिता, जो लिंग, धर्म और जाति की परवाह किए बिना सभी नागरिकों से समान व्यवहार करे, इस वक्त की जरूरत है।

पुलिस सुधार भी एक और तात्कालिक जरूरत है। ऐसा लगता है कि पुलिस बल अब भी अपने औपनिवेशिक साम्राज्यवादी मूल्यों से मजबूती से जुड़े हुए हैं। पुलिस बर्बरता के कई मामले सामने आए हैं, मसलन, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर लाठीचार्ज या जेलों में विचाराधीन कैदियों की पिटाई। पुलिस सुधार, जो अनिवार्य रूप से नागरिकों की सुरक्षा और कानून के राज पर केंद्रित है, बेहद महत्वपूर्ण विषय है, और ऐसा करने पर समाज में पुलिस का सम्मान बढ़ेगा और यह हमारे समृद्ध लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण होगा।

वित्तीय क्षेत्र में मजबूत पूंजीकरण के साथ बैंकिंग प्रणाली अच्छी स्थिति में है और शेयर बाजार में खुदरा भागीदारी बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति आय निरंतर बढ़ रही है और नागरिक आर्थिक विकास के कई नए रास्ते तलाश रहे हैं।

- मोहनदास पाई

## मिला जुला

### एक नजर

#### पीएम मोदी गोवा में 1,330 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास



**नई दिल्ली ।** पीएमओ द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मंगलवार को गोवा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 1,330 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा का स्थायी परिसर भी है। नवनिर्मित परिसर में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्यूटोरियल कॉम्प्लेक्स, विभागीय कॉम्प्लेक्स, सेमिनार कॉम्प्लेक्स, प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स, हॉस्टल, स्वास्थ्य केंद्र, स्टाफ क्वार्टर, सुविधा केंद्र, खेल मैदान और अन्य सुविधाएं जैसी विभिन्न सुविधाएं शामिल हैं।

## गुजरात में हेट स्पीच देने वाला धर्मगुरु मुंबई से गिरफ्तार

### समर्थकों ने थाना घेरा, पुलिस ने लाठीचार्ज किया; हिन्दू संगठनों की शिकायत पर कार्रवाई

मुंबई। भड़काऊ भाषण केस में आरोपी मुफ्ती सलमान अजहरी को गुजरात ATS दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर जूनागढ़ ले गई। मौलाना पर 31 जनवरी को जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान भड़काऊ भाषण देने के आरोप में हिन्दू संगठनों ने केस दर्ज करवाया था।



गुजरात ATS ने मुंबई की एक अदालत में मुफ्ती सलमान अजहरी की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने रविवार शाम को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उसे घाटकोपर पुलिस थाने लाया गया था।

रात एक बजे मौलाना के हजारों समर्थकों ने उसकी रिहाई के लिए घाटकोपर थाने का घेराव किया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। रात 2 बजे गुजरात ATS मौलाना को लेकर जूनागढ़ रवाना हो गई। लेकिन पुलिस अभी जूनागढ़ पहुंची नहीं है। फिलहाल ATS के अहमदाबाद ऑफिस में मौलाना को रखा गया है।

31 जनवरी को मौलाना ने जूनागढ़ के बी डिवीजन पुलिस थाने के पास एक कार्यक्रम में कहा था- कुछ देर की खामोशी है फिर शोर आएगा, आज कुत्तों का वक्त है, कल हमारा दौर आएगा। हिन्दू संगठनों ने इस बयान पर नाराजगी जताते हुए मौलाना पर धारा 153, 505, 188, 114 के तहत मामला दर्ज किया था।

#### पुलिस स्टेशन से मुफ्ती की अपील

*रविवार देर रात जब हजारों समर्थकों ने घाटकोपर पुलिस स्टेशन को घेरा तो मौलाना ने माइक से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा- न तो मैं अपराधी हूं, न ही मुझे अपराध करने के लिए यहां लाया गया है। पुलिस अधिकारी जांच कर रहे हैं और मैं उनका सहयोग कर रहा हूं। अगर यह मेरे भाग्य में होगा तो मैं गिरफ्तार होने के लिए तैयार हूं। मुंबई पुलिस के DCP हेमराजसिंह राजपूत ने कहा- मुंबई में शांति है, घाटकोपर इलाका भी शांतिपूर्ण है।*

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी बढ़ाई

शराब घोटाला मामला



**नई दिल्ली ।** शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी गई।दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया था। 7 जुलाई को ईडी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी और कुछ अन्य आरोपी व्यक्तियों की 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। इस साल 26 फरवरी को सीबीआई द्वारा सिसौदिया को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने 9 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। डी ने मामले में आप संचार प्रभारी विजय नायर को भी गिरफ्तार किया था। शराब घोटाला मामला इस आरोप से संबंधित है कि आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की 2021-22 की उत्पाद नीति ने गुटबंदी की अनुमति दी और कुछ डीलरों का पक्ष लिया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश?वत दी थी। आप ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है और केंद्र की भाजपा सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध में शामिल होने का आरोप लगाया है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने पेश किया 7.36 लाख करोड़ का बजट

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्याथ सरकार के दूसरे कार्यकाल का तीसरा आम बजट सोमवार को विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पेश किया। उन्होंने 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश किया। बजट का फोकस गांव, किसान, इंफ्रास्ट्रक्चर, युवा के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर है। इसमें 24,000 करोड़ रुपए की नई योजनाएं हैं। धर्मार्थ कार्यों के विकास के लिए 1750 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कुंभ के लिए ढ़ाई हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। युवाओं को टैबलेट और



स्मार्टफोन वितरण के लिए 4,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। हर घर जल पहुंचाने के लिए 22,000 करोड़ रुपए का बजट है। इसके अलावा, बजट में बेसहारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल के 400 करोड़ का प्रावधान है।

पाकिस्तान में चुनाव से तीन दिन पहले आतंकी हमला

## 10 सिपाहियों की मौत; 30 आतंकियों ने खैबर थाने में ग्रेनेड फेंके, पुलिस ने जवाबी फायरिंग की

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दरबार शहर में सोमवार सुबह एक पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, इसमें 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है और 6 घायल हुए हैं।

ये हमला चुनाव से 3 दिन पहले हुआ है। 8 फरवरी को यहां चुनाव है। फिलहाल हमले की जिम्मेदारी



किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है। पुलिस चीफ अख्तर हयात ने न्यूज एजेंसी AFP को बताया- 30 से ज्यादा आतंकियों ने सोमवार सुबह करीब 3 बजे दरबार शहर के पुलिस स्टेशन पर हमला किया। उन्होंने थाने को चारों तरफ से घेरा और ग्रेनेड फेंके। इसके बाद गोलीबारी शुरू कर दी। हमने भी जवाबी कार्रवाई की।

## ज्ञानवापी के बाकी तहखानों की भी ASI सर्वे की मांग, कोर्ट में कल सुनवाई

**वाराणसी।** बनारस के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में व्यास जी के तहखाना में कोर्ट के आदेश के बाद पूजा-पाठ शुरू होने के बाद उत्साहित हिन्दू पक्ष ने अब ज्ञानवापी के बाकी सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने की मांग कर दी है। परिसर में कुल आठ तहखाने हैं। हिन्दू पक्ष ने वाराणसी कोर्ट में सोमवार को अर्जी लगाई है और मांग की है कि बाकी बचे सारे तहखानों का वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए जिससे पता लगे कि वहां पहले क्या था। कोर्ट ने अर्जी पर 6 फरवरी मंगलवार को सुनवाई मुकर्रर किया है। 31 जनवरी को



जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने व्यास जी के तहखाना में सात दिन के अंदर पूजा-पाठ की व्यवस्था करने का आदेश रिसीवर को दिया था। इससे पहले कोर्ट ने जिला के डीएम को तहखाना का रिसीवर नियुक्त किया था। कोर्ट के आदेश के बाद उसी देर रात प्रशासन ने सारी व्यवस्था कर दी और अगले दिन सुबह वहां पूजा-पाठ शुरू हो गई। कोर्ट के आदेश के बाद तुरंत पूजा शुरू कराने और अपील के निबटारे का इंतजार नहीं करने से नाराज मुसलमानों ने शुक्रवार को जुमे के दिन अपनी-अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया था।

महतारी वंदन शुभारंभ

# महतारी वंदन योजना को लेकर जिले की महिलाओं में दिख रहा जबरदस्त उत्साह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

केलो विहार कालोनी रायगढ़ की नीता राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं से जो वादा किया था, वह अब पूरा होने जा रहा है। महतारी वंदन योजना से हम जैसे विवाहित महिलाओं को अब एक हजार रुपये प्रतिमाह मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना रोजाना की आर्थिक जरूरतों का सहारा बनेगी। बच्चों की ट्यूशन फीस से लेकर राशन, स्वयं के पोषण आहार सहित घरेलू अन्य चीजों के लिए इस रुपये से बड़ी मदद मिलेगी। महतारी वंदन योजना को लेकर जिले की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़ी संख्या में योजना का फॉर्म भरने पहुंच रही हैं।

रायगढ़ की दुरपति बरेठ कहती हैं कि सालाना 12 हजार रुपये मिलेंगे। यह हमारी रोज की छोटी मोटी जरूरतों, बच्चों के लिए लगने वाले दवाई, उनकी कापी-पुस्तकों के लिए काफी मददगार साबित होगी। रंजीता प्रधान ने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिले रूपये से हम अपनी स्वयं की जरूरतें पूरी कर लेंगे। साथ ही अब घर की छोटी-मोटी चीजों के लिए अपने पति को बार-बार बोलना नहीं पड़ेगा। आज हम जैसे सभी महिलाओं में भारी उत्साह है महतारी वंदन योजना से, छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया श्री विष्णुदेव साय ने जो कहा तथा उसे पूरा करके दिखा रहे है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। आज से राज्य के सभी जिलों में ऑनलाईन फॉर्म एवं ऑफलाईन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं।



* रोजाना की आर्थिक जरूरतों का सहारा बनेगी महतारी वंदन योजना-नीता राठौर

* महिलाओं ने कहा- मुख्यमंत्री साय ने जो वादा किया था उसे अब पूरा करने जा रहे

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।



महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे।

आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व-सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

## एक नजर

### कलेक्टर चौहान ने जनदर्शन में नागरिकों की समस्या निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किए

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट परिसर में प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर चौहान ने मुख्य दरवाजा के पास खड़े आवेदकों को वहीं पर उनकी समस्याएं सुनकर कार्यवाही के लिए आवेदकों को आश्वासन दिया। जनदर्शन में कलेक्टर को प्रधानमंत्री आवास, सरसींवा तहसील में इंटरनेट लिंक व्यवस्था, कब्जा हटाने, मृतक के उत्तराधिकारी के नाम पर पीएम आवास का स्थानांतरण, बैंक खाता में राशि पर लगे होल्ड को हटाने, ग्राम बुदेली में जल आपूर्ति, ग्राम सोडिका के निवासियों को वन अधिकार पत्र प्रदान करने, धान बोनस, ग्राम खरवानी बड़े के निवासियों को लात नाला व्यपवर्तन नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन से प्रभावित किसानों को मुआवजा, बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम लिमतरी के मीडिल स्कूल जर्जर भवन का मरम्मत, बकरी शेड, अनुकंपा नियुक्ति, पीएम किसान सम्मान निधि, ग्राम कोदवा में राइस मिल को हटाने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर चौहान ने सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को क्रियान्वयन के लिए भेजा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

### अवैध खनिज परिवहन करते हुए 3 वाहन पकड़ायें

कलेक्टर गोयल के निर्देश पर खनिज अमला विशेष अभियान चलाकर कर रहा निरंतर कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए हुए है। कलेक्टर गोयल के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अमलों द्वारा निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के एक हाइवा एवं चूनापत्थर के 2 हाइवा अवैध खनिज का परिवहन करते पाये गये वाहनों को सुरक्षार्थ हेतु चक्रधर नगर थाना रायगढ़ में रखा गया है। खनि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 जनवरी तथा 3 एवं 4 फरवरी को निरीक्षण के दौरान वाहन मालिक नमो नारायण पटेल रायगढ़, वाहन क्रमांक सीजी 13 एबी 2183 के द्वारा रेत तथा राजू रायगढ़ वाहन क्रमांक सीजी 13 एडी 7111 तथा बंटी अग्रवाल, चंद्रपुर वाहन क्रमांक सीजी 13 एटी के द्वारा चूना पत्थर का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। उपरोक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज (निकास और विनियमन)अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास खनिज उत्खनन, परिवहन, भंडारण करना दण्डनीय अपराध है।




### नव गुरुकुल एवं लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन जशपुर की अभिनव पहल नवगुरुकुल एवं लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के माध्यम से कोडिंग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफि क डिजाइन, फ इनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट एवं एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर शत प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर मल्टीनेशनल कंपनी जैसे अमेजॉन, केपीएमजी,एडवेंचर में रोजगार के अवसर है।

यह प्रशिक्षण केवल जिले के छात्राओं के लिए है। प्रशिक्षण आवासीय सुविधा के साथ पूर्णता निशुल्क प्रदान किया जाएगा। दसवीं पास कोई भी संकाय की छात्र प्रवेश के लिए पात्र है। प्रशिक्षण की अवधि 18 माह की है।नव गुरुकुल फाउंडेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा देश के आठ केंद्रों में संचालित इस परीक्षण के माध्यम से 600 से अधिक छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8516032060 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे, प्रेशर हॉर्न के उपयोग पर होगी कार्यवाही

* कलेक्टर के निर्देशन में गठित हुआ राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त दल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक में पारित आदेश के अनुपालन में आयुक्त बिलासपुर संभाग द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से दिए गए निर्देश के अनुक्रम में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण)नियम, 2000 के अनुसार रात बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे/प्रेशर हॉर्न के उपयोग करने के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए जिले में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल का गठन किया है। गठित दल अपने-अपने अनुविभाग अंतर्गत सतत निगरानी रखते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय गठित दल में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय मोबा.नं.94256-49105, आयुक्त नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी मोबा.नं.75872-02092, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा मोबा.नं.94791-93201, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त मोबा.नं.94790-10235 एवं क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू मोबा.नं. 96850-95091 को शामिल किया गया है। इसी तरह तहसील रायगढ़ में तहसीलदार लोमश कुमार मिरी मोबा.नं.62682-46629 एवं थाना प्रभारी रामकिंकर यादव मोबा.नं.75873-95584, तहसील खरसिया में तहसीलदार शिवकुमार डनसेना मोबा.नं.99812-47521 एवं थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी मोबा.नं.70001-59080, तहसील धरमजयगढ़ में तहसीलदार भोज कुमार डहरिया मोबा नं.62673-23260 एवं थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी मोबा.नं.99936-51885, तहसील छाल में तहसीलदार महेन्द्र कुमार लहरे मोबा.नं.97559-93954 एवं थाना प्रभारी विजय चेलक मोबा.नंबर 75870-93501, तहसील कापू में तहसीलदार उज्जवल पाण्डेय मोबा.नं.97556-02917 एवं थाना प्रभारी नारायण सिंह मरकाम मोबा.नं.94242-95593, तहसील घरघोड़ा में तहसीलदार विकास जिंदल मोबा.नं.70009-47541 एवं थाना प्रभारी शरद चन्द्रा मोबा.नं.83195-30620, तहसील तमनार में तहसीलदार शिवनंदन साकेत मोबा.नं.93032-03077 एवं थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर मोबा.नं.84350-00013, तहसील लैलूंगा में तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा मोबा.नं.79873-00466 एवं थाना प्रभारी मोहन लाल भारद्वाज मोबा.नं.73895-75109, तहसील मुकडेगा में तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा मोबा.नं.79873-00466 एवं थाना प्रभारी मोहन लाल भारद्वाज मोबा.नं.73895-75109 तथा तहसील पुसौर में तहसीलदार शिवम पाण्डेय मोबा.नं.87706-97391 तथा थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव मोबा.नं.79745-25500 को शामिल किया गया है।

## महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

* कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए विस्तृत दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

जिले में महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी मैदानी कर्मचारी, सुपरवाइजर एवं सीडीपीओ उपस्थित रहे। कार्य शाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने योजना प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश कर्मचारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि शासन से जो गाइड लाईन मिली है उसी के अनुरूप ही हम सभी को कार्य करने है। इसमें किसी भी प्रकार के शंका नहीं होनी चाहिए। फार्म भरवाते समय किसी भी महिला को कोई तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखें। यथा संभव आप जितनी मदद कर सके उतनी मदद हम सभी को करना है।




महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। उक्त कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर, जिला अधिकारी महिला बाल विकास आदित्य शर्मा सहित विभाग अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

* मोबाइल नम्बर नहीं होने पर राशन कार्ड की छायाप्रति कर सकते हैं जमा

* विवाह पंजीयन नहीं होने पर स्व.घोषणा शपथ पत्र जमा किया जा सकता है

## महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

योजना को लेकर जय हो के वालंटियर्स और स्कूली छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

### महिलाओं को दी गई योजना की जानकारी, किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

महतारी वंदन योजना के तहत सोमवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 20 फरवरी है। योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को राज्य सरकार से प्रति माह एक हजार रुपए आर्थिक मदद मिलेगी। योजना का लाभ पहुंचाने हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही जोरों-शोरों से प्रचार-प्रसार और जन जागरूकता भी जारी है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन और युनिसेफ के संयुक्त तत्वधान में संचालित जय हो कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पंड्रापाठ, शासकीय स्कूल के छात्रों द्वारा महिलाओं को महतारी वंदन योजना की जानकारी दी गई। इसके अलवा बाल विवाह रोकथाम हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हुईं। इस दौरान छात्राओं ने बैनर.पोस्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। ताकि पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित न रह पाएं। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। योजना के लिए महिलाओं से 20 फरवरी से आन ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आईडी से किए जा सकते हैं। नगरीय क्षेत्र के आवेदक वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन कर सकेंगे।



## महिलाओं को सालाना मिलेगा 12 हजार- सरिता जायसवाल

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार द्वारा महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना शुरू करने का प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सरिता जायसवाल ने स्वागत किया है उन्होंने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत का आभार माना है सरिता जायसवाल ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की विवाहित महिलाओं को



1000 प्रति माह अर्थात सालाना12000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी शासन के योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिसकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो जाएगी उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा विवाहित महिला के अलावा विधवा एतलाकशुदा ए परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है उन्होंने कहा है की महतारी वंदन योजना द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखती है। सरिता जायसवाल ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य न केवल महिलाओं से वित्तीय सहायता प्रदान करना है बल्कि इन निधियों के उपयोग के माध्यम से आत्मनिर्भरता और कौशल विकास का बढ़ावा देना भी है महिलाएं इस वित्तीय सहायता की मदद से अपने खर्चों का प्रबंधन कर सकती है और छोटे पैमाने के उद्धम भी शुरू कर सकती हैं।

## संस्कार स्कूल में संपन्न हुई सीबीएसई टीचर्स ट्रेनिंग

50 से अधिक शिक्षकों ने की भागीदारी

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के आगंतुक विद्वानों ने नई शिक्षानीति पर आधारित टीचर्स ट्रेनिंग ली। संस्था की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों को कैसे पढ़ाया जाए, किस तरीके से योजना बनाई जाए, किन-किन तकनीक का इस्तेमाल शिक्षा देने में किया जाए जिसके चलते विद्यार्थियों को अधिकतम लाभ हो और उनका कैरियर ऊंचाई पर पहुंच सके। इस प्रशिक्षण के दौरान अनेक प्रयोगिक एक्टीविटी भी करवाई गई। जिसके चलते शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा। विशेष बात यह थी कि इसमें संस्कार पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ दिगर स्कूल के शिक्षक भी शामिल रहे। सीबीएसई से आए हुए प्रशिक्षक गोविंद दास एवं दिलीप मिश्रा ने अपने अनुभव के साथ नई शिक्षानीति पर आधारित प्रशिक्षण दिया। जिसका लाभ सभी शिक्षकों को प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षिका रत्नेश मेहरा द्वारा दिया गया।

### योजनाबद्ध कार्य की महत्ता जीवनभर- रामचन्द्र

इस प्रशिक्षण के दौरान संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक एवं प्रसिद्ध मोटिवेटर रामचन्द्र शर्मा ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी कार्य में योजना बनाने का महत्व सदा ही सर्वोपरि रहता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि घर पर जब महिला कार्य करती है तो योजना बनाकर ही बेहतर कर पाती है। इसी तरह चाहे खिलाड़ी हो, व्यापारी हो, अधिकारी हो, नेता हो या अन्य किसी भी कार्य से संबंधित व्यक्ति हो। यदि वह योजना बनाकर कार्य करता है तो सफलता की संभावना बढ़ जाती है। इसी तरह एक शिक्षक को भी बच्चों को ज्ञान देने से पहले खुद को अपग्रेड कर योजना बनाकर, तकनीक सीखाने का सोचकर शिक्षा देनी चाहिए। तभी एक शिक्षक वास्तविक रूप मे सफल हो पाता है।

### ज्ञान से ही विकास संभव है- दिलीप

प्रशिक्षक दिलीप मिश्रा ने कहा कि विस्तृत ज्ञान लगातार अध्ययन से ही संभव है। इसलिए शिक्षक बनने के बाद भी दुनिया से जुड़े रहकर अपने ज्ञान में वृद्धि करते रहना चाहिए। तभी आप आने वाली पीढ़ि को समृद्ध कर सकते हैं। इन बातों के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा प्रस्तुत नई-नई नीतियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

### खुद को बच्चों के लिए तैयार रखे- गोविंद

प्रशिक्षक गोविंद दास ने सीबीएसई द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति के बारे मे अलग-अलग बिंदुओं पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी। उस जानकारी को बच्चों के साथ योजनाबद्ध तरीके से सीखाने का तरीका भी बताया गया।

# अब जरूरत के समय किसी से पैसा मांगने की नहीं आएगी नौबत

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं में उत्साह का माहौल, आवेदन करने हुई सक्रिय

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।









मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज से महतारी वंदन योजना से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रतिमाह एक हजार रुपए और साल में 12 हजार महिलाओं के खाते में अंतरित करने के साथ उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाने की इस पहल से महिलाओं में एक अलग ही उत्साह का वातावरण है। उनका कहना है कि सरकार की इस योजना से हमें अब अपनी छोटी-छोटी जरूरतों में किसी के पास पैसा मांगने की आवश्यकता नहीं होगी। कोरबा जिले के कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम दोन्दरो की सुषमा देवांगन ने बताया कि हमने सोचा भी नहीं था कि महिलाओं के लिए ऐसी योजनाएं शुरू की जाएगी जिसमें हर माह एक हजार रुपए दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम घर चलातीं हैं और अक्सर अपनी बचत के पैसे को भी घर के जरूरी सामानों के लिए खर्च कर देतीं हैं। सरकार से एक हजार रुपए मिलने से हम अपने आवश्यकताओं के लिए पैसे का इंतजाम कर पाएंगी। ग्राम पताढ़ी की कविता यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना बहुत अच्छी योजना है। वह भी इसका आवेदन करेंगी। उन्होंने बताया कि मेरी जैसी अनेक महिलाओं को इस योजना से लाभ मिलेगा। यह योजना हमें आर्थिक रुप से मजबूत बनाएगी। हम अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा कर पाएंगी। ग्राम बेन्दरकोना की सुलोचना बाई ने बताया कि हम इस योजना के प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे थे। अब यह योजना शुरू हो गई है। आज से फॉर्म भराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हम महिलाओं के लिए एक.एक रुपये का महत्व होता है। कई बार एक.एक रुपये बचा कर कुछ पैसे बचत करतीं हैं। सरकार द्वारा एक माह में एक हजार रुपये और साल में 12 हजार रूपए दिए जाने से महिलाओं को सक्षम बनने के साथ बहुत राहत मिलेगी। ग्राम गोढ़ी की ललिता बाई महतारी वंदन योजनांतर्गत आवेदन करने शिविर में आई हुई थी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज से आवेदन लेने की जानकारी मिली है, इसलिए वह भी ऑनलाइन आवेदन करने अपना जरूरी दस्तावेज इकट्ठा कर रहीं हैं। उन्होंने इस योजना से महिलाओं को लाभ मिलने और सशक्तिकरण होने की बात कही।

### पात्रता शर्तें

महतारी वंदन योजना के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों में महिला को छत्तीसगढ़ का निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है उस वर्ष विवाहित महिला की आयु 01 जनवरी 2024 में 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्त महिला भी पात्र होंगी। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रूपए की प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरण किया जाएगा। विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभान्वित होने वाली ऐसी महिलाएं जिन्हे प्रतिमाह 1000 रूपए से कम राशि मिल रही हैए उन्हें योजना के लिए पात्र होने पर अतिरिक्त राशि स्वीकृत की जाएगी। जिससे उन्हें अधिकतम 1000 रूपए मासिक राशि प्राप्त हो सकेगी।

### आनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल एवं एप्प

महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन निःशुल्क होगा। इस योजना के लिए ऑनलाइन भरने के लिए पोर्टल पद पर आवेदन करना होगा। इसके अलावा योजना के लिए बनाए गए मोबाईल एप्प पर भी आवेदन जमा किया जा सकता है। योजना के लिए आवेदन 05 फरवरी से लिए जाएंगे। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 होगी।

### ये दस्तावेज जमा करना होगा

आवेदन करते समय हितग्राहियों को स्वयं का सत्यापित किया हुआ पासपोर्ट साइज की फोटो, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र,राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में से कोई भी एक, स्वयं एवं पति का आधार कार्ड, स्वयं एवं पति का पैन कार्ड यदि हो तो विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी प्रमाण पत्र, विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी वार्ड अथवा ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र हेतु 10 अथवा 12 की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक, बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व.घोषणा अथवा शपथ पत्र जमा कराना होगा।

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में डीएमएफ शासी परिषद की बैठक संपन्न

* कलेक्टर गोयल ने निर्माण एजेंसीज को काम में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के संबंध में शासन से प्राप्त नवीन दिशा-निर्देशों तथा उसके परिपालन के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर सह अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने बैठक में सभी निर्माण एजेंसीज को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि डीएमएफ के फंड का सदुपयोग हो, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता कदापि नहीं चलेगा। कहीं से भी शिकायत की गुंजाइश न हो। बारिश में यदि किसी भवन में सीपेज दिखता है तो संबंधित एजेंसी के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए, कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# विकास खण्ड स्तरीय प्रतिभावान 10 वीं, 12 वीं के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में टाप टेन में स्थान सुनिश्चित करने हेतु प्रेरणा कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




विकास खण्ड पुसौर के उच्चजकेला स्थित संत जेरोम मियानी स्कूल में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल के द्वारा विकास खण्ड के 10 वीं व 12 वीं पढ़ने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला की शुरुआत राष्ट्र गान के साथ किया गया जिसमें विकास खण्ड के प्रतिभावान बच्चों व पालकों के साथ-साथ कार्यशाला में मार्गदर्शक के रूप में आए हुए विषय शिक्षकों की उपस्थिति रही।

इस कार्यशाला में जिला कार्यालय से भुवनेश्वर पटेल एपीसी ने भी अपनी उपस्थिति दी और अपने वक्तव्य में इन्होंने बच्चों से कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ ही समय प्रबंधन और सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने का पूरा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति हर मुश्किलें आसान कर देती है। बच्चों के प्रश्नों के जबाव में उन्होंने कहा की अगली बार इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन साल में कम से कम तीन बार कराने का प्रयास किया जाएगा।

अन्त में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यशाला में उपस्थित 230 विद्यार्थियों को निश्चित ही आने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए एक अच्छा मार्गदर्शन मिला है और निश्चित ही पुसौर विकास खण्ड से टाप टेन में अधिक से अधिक विद्यार्थी अपना स्थान सुनिश्चित कर पाएंगे । इसी आशा और विश्वास के साथ उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दिए ।

इस कार्यशाला में विकास खण्ड के विषय शिक्षकों के साथ प्राचार्य सी एल चौधरी सेजेस औरदा, रूपेश कुमार चौधरी सेजेस पुसौर, कामता प्रसाद तिवारी हायर सेकेण्डरी स्कूल झलमला, टी आर मिरी संत जेरोम मियानी स्कूल जकेला व विकास खण्ड के व्याख्याताओं की उपस्थिति रही। उपरोक्त जानकारी प्रदीप कुमार शाहनी प्रधान पाठक छपोरा द्वारा दिया गया।

# लक्ष्य को ध्यान में रखकर करें कड़ी मेहनत-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

* विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्देशक टीम रही मौजूद, बच्चों को किया मोटिवेट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मुख्य आतिथ्य में आज रायगढ़ के साधुराम विद्या मंदिर में करियर फेयर का आयोजन किया गया। करियर फेयर में एक ही स्थान पर कई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्देशक टीम उपस्थित रहे जो कि विद्यार्थियों को भविष्य में अपने करियर को चुनने एवं विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन एवं कोर्स की जानकारी दिए। साथ ही कक्षा बारहवीं के पश्चात विभिन्न विषयों से संबंधित प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस, नीट, सीयूईटी, कैट, मैट आदि से संबंधित पाठ्यक्रम हेतु आवश्यक निर्देश एवं जानकारी भी दी।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुआ कहा कि अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कड़ी मेहनत करते रहें। आज इस प्रतियोगिता के दौर में अपना करियर बनाना कठिन है पर असंभव नहीं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इस करियर फेयर में मिली जानकारी उनके लिए लाभदायी होगी। एक अच्छे भविष्य के लिए विद्यार्थी को अभी से ही मेहनत करनी होगी ताकि वे बड़े होकर अपना तथा अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें।



विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्देशक टीम द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर संचालित शिक्षण संस्थानों में विभिन्न व्यवसायिक परीक्षा में चयन हेतु विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी अपने लक्ष्य से विपरीत हो कर असफल भी हो जाते हैं। करियर फेयर का उद्देश्य विद्यार्थियों को मुख्यत: दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है जिनसे उनका अमूल्य समय भी बचे एवं वे सतत रूप से अग्रसर भी रहें। इसके अंतर्गत ए आई यूनिवर्सल यूनिवर्सिटी, महेंद्रा यूनिवर्सिटी, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, पारुल यूनिवर्सिटी, यूकॉन यूनिवर्सिटी, अजिंक्य डी वाई पाटिल यूनिवर्सिटी, बीईएसटी इनोवेशन यूनिवर्सिटी, केरा यूनिवर्सिटी, एम आई टी डब्लू पी यू, केके मोदी यूनिवर्सिटी की टीम मौजूद थी। जिन्होंने विद्यार्थियों को दिशा-निर्देश दिए एवं उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य टी बिस्वाल, उप प्राचार्या सबिता दास, मार्ग दर्शक शीबाराम बिबोर्था, प्रशासिका गार्गी गुरु, प्रबंधन समिति से बजरंग अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, बलबीर शर्मा, अभिलाषा गर्ग, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही अन्य विद्यालय के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

## एक नजर

# सर्वाइकल कैंसर के बारे में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी के मार्गदर्शन में आज स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ विश्व कैंसर दिवस मनाये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया। जिले में आम जनता को सर्वाइकल कैंसर के प्रति को जागरूक करना है, कैंसर महिलाओ में होने वाली सबसे गंभीर समस्या है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा के अस्तर में असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। गर्भाशय ग्रीवा महिला प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है और गर्भ के निचले हिस्से में स्थित है। जो गर्भ से योनि तक खुलती है। इस कैंसर को बच्चेदानी के कैंसर के नाम से भी जाना जाता है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होते है। एचपीवी वायरस का एक समूह है। जो दुनिया भर में बेहद आम है।

सर्वाइकल कैंसर के सबसे आम लक्षण और शुरूवाती संकेत है जैसे पीरियड्स के बीच ब्लीडिंग, संभोग के बाद खून, मैनोपोज के बाद खून बहना, संभोग के दौरान बैचेनी या खून आना, तेज गंध के साथ योनि से स्त्राव, रक्त के साथ योनि से स्त्राव, यूरिन करते समय दर्द महसूस होना। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नियमित रूप से कराएं पैप जांच अगर आप खुद को सर्वाइकल कैंसर से बचाना चाहते है, तो इसके लिये बेहद जरूरी है कि नियमित रूप से पैप जांच कराएं पैप जांच की मदद से आप गर्भाशय ग्रीवा में होने वाली असामान्यताओं का पता लगा पाएंगी। साथ ही इस बारे में अपने डॉक्टर से संपर्क कर कब और किस उम्र में इस टेस्ट को कराना चाहिये। धूम्रपान करने से बचे, जिन महिलाओं की धूम्रपान करने की आदत होती है उनमें इस बीमारी का खतरा और भी बढ़ जाता है कि तंबाकू या अनके उत्पाद के सेवन से सर्विक्स कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुँचाते है, जो सर्वाइकल कैंसर में बदल सकता है। इसलिए धूम्रपान से दूरी बनायें रखें। एचपीवी के खिलाफ लगाएं टीका, एचपीवी के कई प्रकार है जिनमें से कुछ उच्च जोखिम वाले प्रकार पाये जाते है। दो एचपीवी प्रकार (16 और 18) 70 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर और कैंसर से पहले के सर्वाइकल घावों का कारण बनते है। एचपीवी को गुदा, योनी, लिंग और ऑरोफ्रीनक्स के कैंसर से जोड़ने के प्रमाण भी है, इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिये अपने डॉक्टर से बचाव के लिये एचपीवी के खिलाफ टीका जरूर लगवाएं। सुरक्षित यौन संबंध का विशेष ध्यान रखें जिससे आप इस गंभीर बीमारी से खुद को काफी हद तक बचा सकते है।

# महतारी वंदन योजना: फर्जी आई डी से रहे सावधान

* जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्प लाईन नंबर 9329917929/9302343682

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राज्य शासन द्वारा प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने हेतु महतारी वंदन योजना 2024 लागू की गई है तथा पात्रता/अपात्रता के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है। पात्र आवेदकों का ऑफलाईन आवेदन भरने के पश्चात उसे विभाग द्वारा दी गई वेबसाइट https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in पर एन्ट्री की जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक जानकारी दी जा रही है, उससे सावधान रहने हेतु जिला प्रशासन ने आग्रह किया है। यदि कोई व्यक्ति गलत रूप से गलत वेबसाईट बनाकर एन्ट्री करता है तो पकड़े जाने पर पुलिस कार्यवाही की जायेगी। उक्त योजना के फार्म भरने हेतु किसी भी प्रकार का कोई भी शुल्क नहीं लिया जायेगा। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र, एकीकृत बाल विकास परियोजना एवं हेल्प लाईन नंबर 9329917929/9302343682 में संपर्क करें। जिला प्रशासन ने आग्रह किया है कि किसी भी तरह के अनाधिकृत आई डी या एप्प पर एन्ट्री न की जाए अधिकृत वेबसाईड पर ही एन्ट्री की जाए।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

जनचौपाल में आई दिव्यांग चंदा बाई की समस्या का किया गया तत्काल निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



**हितग्राही को ट्राईसाइकिल प्रदान कर पहुंचाई गई राहत**

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जनचौपाल में आने वाले लोगों की सभी छोटी-बड़ी समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुनते हुए यथासंभव जल्द से जल्द निराकरण करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित जनचौपाल में कलेक्टर के निर्देशन में करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कनकी के आश्रित ग्राम कटरापारा की रहने वाली 55 वर्षीय दिव्यांग चंदा बाई को तत्काल राहत पहुंचाते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल प्रदान किया गया। दिव्यांग चंदा बाई कलेक्टर जनचौपाल में अपने रोजमर्रा के कार्यों को पूरा करने के लिए आवागमन की सुविधा हेतु एक ट्राईसाइकिल की मांग को लेकर कलेक्टर चौपाल में आई थी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग होने के कारण उन्हें अपने दिनचर्या को पूरा करने एवं कहीं आने.जाने में काफी परेशानी होती थी। कलेक्टर ने हितग्राही की समस्या का तत्काल निराकरण करने हेतु उपसंचालक समाज कल्याण को निर्देशित किया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग सिनीवाली गोयल ने हितग्राही ट्राईसाइकिल एवं वॉकर प्रदान किया। जनचौपाल में अपनी समस्या का निराकरण होने एवं ट्राईसाइकिल एवं वॉकर पाकर हितग्राही चंदा बाई बहुत खुश हुई। उन्होंने बताया कि पहले आने-जाने के लिए परिजन या किसी व्यक्ति का सहारा लेना पड़ता था, ट्राईसाइकिल मिल जाने से अब उनकी दैनिक कार्य पूरा करने में बहुत सुविधा मिलेगी। इस हेतु उन्होंने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग गोयल ने बताया कि हितग्राही चंदा बाई 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं उनकी आयु 55 वर्ष से अधिक है। इसलिए उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाईकल, वॉकर दी गई है। जिससे वे अपने रोजमर्रा के काम सरलता से कर पाएंगी। इसी प्रकार जनचौपाल में आज वनाधिकार पट्टा बनाने, पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, उपचार हेतु आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास, जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि के कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए।

# रायगढ़ में एक्सपोर्ट हब बनने की प्रचुर संभावनाएं, निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लें स्थानीय उद्यमी-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




रायगढ़ प्रदेश का औद्योगिक जिला है। यहां कई तरह के उत्पाद तैयार होते हैं। जिनका मार्केट विस्तार विदेशों तक किया जा सकता है। फॉरेन ट्रेड में केंद्र सरकार निर्यात बंधु स्कीम के तहत उद्यमियों को न केवल विभिन्न प्रकार की सब्सिडी और छूट दे रही है, विदेशों में ट्रेड फेयर में हिस्सा लेने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। स्थानीय उद्यमियों को इसका लाभ लेना चाहिए। यह बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के उद्यमियों से कही। वे जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा फॉरेन ट्रेड पर आयोजित वर्कशॉप में बोल रहे थे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि भारत सरकार विदेश में निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए फॉरेन ट्रेड पॉलिसी का निर्माण करती है। इसके जरिए विभिन्न सेक्टर के उद्योगों को वैश्विक स्तर में व्यापार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में सुदृढ़ औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। आयरन और स्टील के साथ यहां कृषि व उद्यानिकी, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, कोसा वस्त्र, झारा शिल्प के क्षेत्र में निर्यात की अच्छी संभावनाएं हैं। अत: निर्यात के लिए अनुकूल मार्केट तलाश कर वहां निर्यात शुरू किया जा सकता है। इससे मुनाफा बढ़ेगा और मार्केट डायवर्सिफिकेशन के कारण सिर्फ एक तरह के बाजार पर निर्भरता का रिस्क कम होगा।


उल्लेखनीय है कि महानिदेशक, विदेश व्यापार और विकास आयुक्त, मिहान सेज, क्षेत्रीय प्राधिकरण नागपुर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार, उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में निर्यात बंधुस्कीम के अंतर्गत निर्यात आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में डीजीएफटी नागपुर, सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्यम विकास कार्यालय रायपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय डाक, अमेजन ग्लोबल/इण्डिया मार्ट आदि के द्वारा निर्यात संवर्धन के लिये निर्यात वित्त विकल्पों, कस्टम प्रक्रिया, एमएसएमई ऋण, ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न तरीकों से जिले के उत्पादों और सेवाओं की व्यापक और वैश्विक पहुंच बनाने के लिये एक मंच प्रदान करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। निर्यात में रूचि रखने वाली औद्योगिक इकाईयां, कृषि उत्पादक संगठन, स्व-सहायता समूह एवं उद्यमीगण इस कार्यशाला में उपस्थित हुये।

गौरव सहारे, एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, डीजीएफटी नागपुर के द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईईसी (इम्पोर्ट एक्सपोर्ट सर्टिफिकेट) प्राप्त करने हेतु दस्तावेज, उपयोगी लिंक, फीस एवं भुगतान की प्रकिया, ऑनलाईन माध्यम से डीजीएफटी के साईट में यूजर आईडी बनाना एवं रजिस्टर करना आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान कर एमएसएमई की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं सीजीटीएमएसई, मुद्रा ऋण के बारे में भी अवगत कराया गया।

प्रणय चहान्दे, एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, डीजीएफटी नागपुर द्वारा कस्टम की प्रक्रिया-बिल ऑफ एण्ट्री, शिपिंग बिल, इंटरनेशनल कामर्शियल टर्म, रोल ऑफ कस्टम हाउस एजेंट आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

पंकज पटेल, ऑफिस सुपरवाईजरए पोस्ट ऑफिस द्वारा छोटे गांव शहरों से डाक घर निर्यात केन्द्र के माध्यम से विदेशों तक सुरक्षित तरीके से निर्यात के संबंध में मार्गदर्शन किया गया। सुश्री नेहा गोड़बोले, अमेजन ग्लोबल द्वारा वेबकान्फ्रेंस से जुड़कर एक्सपोर्ट होने वाले वस्तुओं के अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने, विदेशों में उनका नेटवर्क एवं लॉजिस्टिक्स आदि विषय से अवगत कराया गया। श्री मनुवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रबंधकए बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा आयात-निर्यात के दौरान क्रेता-विक्रेता के मध्यम से होने वाले भुगतान में बैंक की भूमिका से अवगत कराया गया।

## यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ हुआ रिलीज




यामी गौतम स्टारर फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज हो गया है. इस गाने में यामी गौतम को दुश्मनों से लड़ते हुए दिखाया गया है. ऐसे में इस गाने को उन सभी लोगों के लिए ट्रिब्यूट कहा जा रहा है, जो बिना किसी स्वार्थ के दिल और जान से देश की सेवा करते हैं. नेशनल अवार्ड विनर आदित्य सुहास जंभाले द्वारा निर्देशित फिल्म आर्टिकल 370 एक पॉलिटिकल और एक्शन ड्रामा है. इस फिल्म में मुख्य भूमिका में यामी गौतम और प्रियामणि हैं. फिल्म आर्टिकल 370 का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है और टीजर ने फैन्स के बीच हलचल पैदा कर दी है. ऐसे में फिल्म के पहले गाने दुआ को भी फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं. यह गाना देशभक्ति से लबरेज और दिल छू लेने वाला है।



## नूतन की पोती प्रनूतन को हॉलीवुड में मिला मौका, सलमान ने कराए थे बॉलीवुड के दर्शन

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नूतन की सुंदरता और शानदार अभिनय के चर्चे आज भी किए जाते हैं।फिल्मों में अपनी उपस्तिथी से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली नूतन की पोती और अभिनेता मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल इस समय सुर्खियों में हैं।

अपनी दादी की तरह ही खूबसूरती को लेकर चर्चा बटोरने वाली प्रनूतन अब हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।चलिए जानते हैं उनकी पहली हॉलीवुड फिल्म के बारे में। प्रनूतन अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म कोको एंड नट में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रनूतन जल्द ही कोको एंड नट में अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रहसान नूर के साथ हॉलीवुड में कदम रखेंगी।यह एक रोमांटिक फिल्म बताई जा रही है। इसका निर्देशन नूर करने वाले हैं।

रहसान को 2018 में आई उनकी फिल्म बंगाली ब्यूटी के लिए जाना जाता है। इस फिल्म को समीक्षकों ने भी खूब सराहा था। फिल्म की कहानी एक महिला की है, जिसका किरदार प्रनूतन ने निभाया है।वह अपनी शादी बचाने की कोशिश कर रही है, जिसमें उसे काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कहानी में मोड़ तक आता है जब उसका कॉलेज प्रेमी (नूर) इसमें उसकी मदद करता है।फिल्म का निर्माण अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा।इसकी पूरी शूटिंग जून से जुलाई तक शिकागो में होगी। इसमें अमेरिका-भारत दोनों के कलाकार शामिल होंगे। यह 2025 में रिलीज होगी। प्रनूतन ने कहा, मैं हमेशा से एक रोमांटिक ड्रामा करना चाहती थी। कोको एंड नट एक खूबसूरत कहानी है।

## कृति सेनन ने गुलाबी साड़ी में बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स हुए कायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी खूबसूरती और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं. वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपने स्टाइलिश फोटोज शेयर कर उन्हें दीवाना बनाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह गुलाबी साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं.

इन तस्वीरों में कृति सेनन ने गुलाबी रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जो उनके ऊपर काफी जंच रही है. उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ है, जो उनके चेहरे पर एक अलग ही निखार ला रहा है. उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स लट्टू हो गए हैं और प्यार की बारिश कर रहे हैं.

शाहिद कपूर और कृति सैनन इन दिनों फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियों में हैं। पहली बार पर्दे पर यह जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसे लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं।शाहिद और कृति इन दिनों अपनी इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं और कई दिलचस्प खुलासे कर रहे हैं।हाल ही में दोनों ने फिल्म और एक-दूसरे के साथ काम करने के अनुभव पर बात की। कृति ने कहा, पहले मुझे यह सामान्य प्रेम कहानी वाली फिल्म लगी थी। मुझे तो बाद में पता चला कि इसमें मेरा किरदार रोबोटिक होने वाला है। आज हम एआई के युग में जी रहे हैं। आने वाले समय में हो सकता है कि रोबोट हमारे आस-पास घूमें और हमें पता ही न चले। फिल्म की कहानी अनोखी लगी, इसलिए मैंने हामी भर दी।कृति ने इंटरव्यू में शाहिद की भी जमकर तारीफ की।

अभिनेत्री बोलीं, शाहिद मेरे सीनियर हैं। हालांकि, उन्होंने मुझे कभी यह महसूस नहीं कराया। वह हमेशा बिंदास रहते थे। सेट पर काफी अच्छा माहौल बनाकर रखते थे। शाहिद को मैं उनकी पहली फिल्म से ही देख रही हूं।उन्होंने कहा, शाहिद के इंटरव्यू देखती हूं तो सोचती हूं कि ये आदमी कितना बुद्धिमान है। हम दोनों दिल्ली के हैं, इसलिए एक जुड़ाव भी है। मुझे शाहिद की इश्क विश्क, कमीने, हैदर और जब वी मेट जैसी फिल्में बहुत पसंद हैं।



## विक्की कौशल की सैम बहादुर का जलवा, बनी जी5 पर सबसे ज्यादा देखी जानी वाली फिल्म




विक्की कौशल फिल्म सैम बहादुर की रिलीज के बाद से ही अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं।भारत के पहले फील्ड मार्शल के जीवन पर आधारित फिल्म में विक्की सैम मानेकशॉ के किरदार में छा गए थे।अब हाल ही में मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक दी।इसी के साथ यह दुनियाभर में जी5 पर देखी जानी वाली अब तक की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बनकर उभरी है। रिपोर्ट के अनुसार, सैम बहादुर ने जी5 पर अपनी डिजिटल रिलीज के पहले 3 दिनों में ही धमाल मचा दिया है। फिल्म ने दक्षिण एशिया-केंद्रित क्षेत्रों में पहला स्थान हासिल कर लिया है।इसके साथ ही विक्की की फिल्म ने सनी देओल की गदर 2 और मनोज बाजपेयी की सिर्फ एक बंदा काफी है जैसी 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है।अब यह जी5 पर देखी गई हिंदी फिल्मों में सबसे आगे निकल आई है। जी5 ग्लोबल ने अभी फिल्म देखने वालों की संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन यह बताया गया है कि फिल्म को 190 से अधिक देशों में देखा गया है। इसमें भारत के बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कनाडा सबसे आगे हैं।फिल्म ने हाल ही में हुए फिल्मफेयर पुरस्कारों की तकनीकी श्रेणी में भी अपना जलवा दिखाया था और बेस्ट साउंड डिजाइन , बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन और बेस्ट कॉस्टयूम डिजाइन का खिताब अपने नाम किए थे।

## शंभु का दमदार टीजर हुआ रिलीज, महादेव बन तांडव करते नजर आएंगे अक्षय कुमार

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार ने अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के दिलों में जगह बनाई है. एक्शन हो रोमांस हो, कॉमेडी हो या सोशल ड्रामा एक्टर ने अपने करियर में हर तरह की फिल्में की हैं. वहीं अब अक्षय कुमार अपनी सिंगिंग से फैंस को दीवाना बनाने की तैयारी कर रहे हैं. इसी कड़ी में एक्टर ने अपने गाने 'शंभू' का शानदार टीजर आज जारी कर दिया. अक्षय कुमार ने शंभू टाइटल से एक सॉन्ग को अपनी आवाज दी है. उन्होंने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में इसकी अनाउंसमेंट की. ये एक म्यूजिक वीडियो है जो 5 फरवरी को रिलीज होगा. इसका निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है. अक्षय ने गाने का एक टीज़र शेयर किया है जिसमें वह गाने की धुन पर थिरकते नज़र आ रहे हैं. गाने में उनका लुक फिल्म ओएमजी 2 (2023) के लुक जैसा है।




## घटती कमाई के बावजूद फाइटर ने 150 करोड़ का आंकड़ा किया पार




ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर इन दिनों चर्चा में है। हालांकि, जिस तरह से फिल्म को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ था, इसने बॉक्स ऑफिस पर उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया।फिल्म कहानी और किरदारों से कहीं ज्यादा अपने एरियल एक्शन को लेकर चर्चा में है। फिल्म ने 22 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था।आइए जानते हैं अब तक यह फिल्म कितने करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है।

फाइटर ने अपनी रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को जहां 6 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में और गिरावट दर्ज की गई।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फाइटर ने 5.35 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े और इसी के साथ भारत में फिल्म ने 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।इसकी कमाई लगभग 151.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

करीब 250 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म 9 दिनों में अब कहीं जाकर अपनी लागत वसूल पाई है।दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक कुल 253 करोड़ रुपये कमाए हैं।बॉक्स ऑफिस पर लगातार घट रही फिल्म की कमाई देख यह तो साफ है कि बॉक्स ऑफिस पर फाइटर का प्लेन बुरी तरह लड़खड़ा गया है और 200 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए इसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

# खेल

## रणजी ट्रॉफी...सर्विसेज ने हरियाणा को 1 रन से हराया, टूर्नामेंट में पहली बार कोई टीम इतने छोटे मार्जिन से जीती



**रोहतक।** दूसरी पारी में, सर्विसेज ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया और 140 रन बनाए। जवाब में हरियाणा 146 रन का टारगेट चेज नहीं कर सका और 144 रन पर ऑलआउट हो गया। सर्विसेज के कप्तान रजत पालीवाल ने 92 गेंदों पर 86 रन बनाए। वहीं, पुलकित नारंग और अर्जुन शर्मा ने 5-5 विकेट लिए।मनीष पांडे ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को सूरत में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में रेलवे के खिलाफ कर्नाटक को एक विकेट से जीत दिलाई। कर्नाटक ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। रेलवे ने पहली पारी में 155 रन बनाए। कर्नाटक 174 रन पर ऑलआउट हो गया। दसूरी पारी में रेलवे ने वापसी की और 244 रन बना कर 229 रन का टारगेट दिया।

आखिर में कर्नाटक ने 9 विकेट खोकर 229 रन बना लिए और मैच 1 विकेट से जीता।

दूसरी पारी में मनीश पांडे (67) और वासुकी कौशिक (1) रन बना कर नाबाद रहे। बंगाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। मुंबई ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 412 रन बनाए। सूर्यांश (71), कप्तान शिवम दुबे (72) और तनुष कोटियन ने 67 रन बना कर अर्धशतक जमाए। जवाब में बंगाल पहली पारी में 199 रन पर ऑलआउट हो गया, जिससे मुंबई ने टीम को फॉलोअप दिया। पहली पारी में मोहित अवस्थी ने 3 विकेट लिए। वहीं, शिवम दुबे और रॉयस्टन डियास को 2-2 विकेट मिले। धवल कुलकर्णी और तनुष को 1-1 सफलता मिली। दूसरी पारी में बंगाल 209 रन बना कर ऑलआउट हो गया और मैच हार गया। टीम की ओर से अभिषेक पोरेल ने 82 रन की पारी खेली। वहीं, मोहित को 7 विकेट मिले। उन्होंने कुल 10 विकेट लिए।



### रणजी ट्रॉफ में सबसे छोटे मार्जिन से जीत

| विनर | मार्जिन | बनाम | कब | कहां |
|---|---|---|---|---|
| सर्विसेज | 1 रन | हरियाणा | 2 फरवरी 2024 | रोहतक |
| झारखंड | 2 रन | ओडिशा | 6 दिसंबर 2018 | रांची |
| बंगाल | 4 रन | तमिलनाडु | 30 दिसंबर 2013 | चेन्नई |
| सौराष्ट्र | 4 रन | दिल्ली | 7 दिसंबर 2016 | बड़ौदा |
| विदर्भ | 5 रन | कर्नाटक | 17 दिसंबर 2017 | ईडन गार्डन्स |

### मुंबई पारी और 4 रन से जीता, मोहित ने 10 विकेट लिए

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मुंबई ने बंगाल के पारी और 4 रन से हराया। बंगाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। मुंबई ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 412 रन बनाए। सूर्यांश (71), कप्तान शिवम दुबे (72) और तनुष कोटियन ने 67 रन बना कर अर्धशतक जमाए। जवाब में बंगाल पहली पारी में 199 रन पर ऑलआउट हो गया, जिससे मुंबई ने टीम को फॉलोअप दिया। पहली पारी में मोहित अवस्थी ने 3 विकेट लिए।

### एक नजर

## इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत मजबूत

गिल के शतक से 399 रन का टारगेट रखा, अंग्रेजों को पहला झटका भी दिया

**विशाखापट्टनम।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में मजबूत पकड़ बना ली है। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए 399 रन का टारगेट दिया है। इतना ही नहीं, आखिरी पारी में इंग्लिश टीम को एक झटका भी दे दिया है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने एक विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉले और रेहान अहमद नाबाद लौटे। भारत ने दूसरी पारी में 28/0 से आगे खेलना शुरू किया और सभी विकेट खोकर 255 रन बनाए। शुभमन गिल ने 104 और अक्षर पटेल ने 45 रन की पारी खेली। इंग्लैंड से टॉम हार्टले ने 4 और रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। भारत को पहली पारी के बाद 143 रन की बढ़त मिली थी। डॉ. वायएस राजशेखर स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए।



## PCB और खिलाड़ी फिर आमने-सामने

प्लेयर्स विदेशी लीग की NOC का समय बढ़ाना चाह रहे; बोर्ड ने कहा- तय शेड्यूल पर लौटना होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) और उसके खिलाड़ी एक बार फिर आमने-सामने हैं। इस बार विदेशी लीग में खेलने के लिए मिलने वाली NOC (अनापत्ति पत्र) पर मतभेद पैदा हो गया है। खिलाड़ी लीग में खेलने के लिए NOC का समय बढ़ाना चाह रहे हैं, जबकि बोर्ड इससे इंकार कर रहा है। शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और शादाब खान सहित पाकिस्तान के कई क्रिकेटर ILT20, BPL और SA20 जैसी विदेशी लीग में खेल रहे हैं, जबकि 17 फरवरी से पाकिस्तान सुपर लीग की शुरुआत हो रही है। 4 महीने पाकिस्तानी खिलाड़ी अपनी फीस को लेकर बोर्ड के रवैए से नाराज थे। तब प्लेयर्स को 4 महीने तक सैलरी नहीं मिली थी। इससे नाराज कई खिलाड़ियों ने वर्ल्ड कप खेलने से इंकार कर दिया था। पूरी खबर



### इस बार क्या है मामला?

न्यूज एजेंसी PTI ने एक सूत्र के हवाले से रविवार को दावा किया कि कुछ खिलाड़ी विदेशी लीग में खेलने के लिए बोर्ड द्वारा दी जाने वाली अनिरंतर NOC नीतियों के कारण नाराज हैं। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी इस समय ILT20 और बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) खेल रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने अपने बोर्ड से NOC बढ़ाने का अनुरोध किया, ताकि वे 17 फरवरी से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में हिस्सा लेने के लिए स्वदेश लौट सकें। इस पर पाकिस्तानी बोर्ड ने खिलाड़ियों को स्पष्ट कर दिया कि उनकी NOC नहीं बढ़ाई जाएगी और उन्हें अपने मूल कार्यक्रम के अनुसार ही लौटना पड़ेगा।

## जीलैंड पहली पारी में 511 पर ऑलआउटः रचिन रवींद्र ने लगाया दोहरा शतक

विलियमसन की सेंचुरी; स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका 80/4

**माउंट मॅन्गानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका की अनुभवहीन टीम कहीं भी टिकती नजर नहीं आ रही हैं। माउंट मॅन्गानुई के बे ओवल मैदान पर कीवी टीम पूरी तरह हावी हो चुकी है। सोमवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड 511 पर ऑल आउट हो गई। वहीं दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने चार विकेट खोकर 80 रन बना लिए हैं।

न्यूजीलैंड से रचिन रवींद्र ने डबल सेंचुरी लगाई, वह 240 रन बनाकर आउट हुए। केन विलियमसन ने भी शतक लगाया, वह 118 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका से कप्तान नील ब्रांड ने 6 और रुआन डे स्वार्ट ने 2 विकेट लिए। शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन को एक-एक विकेट मिला।




### काइल जैमिसन को दो सफलता मिली

न्यूजीलैंड के 511 रन के जवाब में साउथ अफ्रीका ने चार विकेट गंवा दिए हैं। टीम के एडवर्ड मूर 23 रन, नील ब्रांड 4, रेनार्ड वान टोन्डर 0 और जुबैर हमजा 22 रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड की तरफ से काइल जैमिसन को दो सफलता मिली। मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला।

## इंडिया-ए ने 134 रन से जीता तीसरा

### अनऑफिशियल टेस्टः सीरीज 2-0 से अपने नाम की

**अहमदाबाद।** स्पिनर्स के दम पर इंडिया-ए ने तीसरे और आखिरी अनऑफिशियल टेस्ट में इंग्लैंड लायंस को 134 रन से हराया। इस जीत से भारतीय टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था और दूसरा मैच भारत ने पारी और 16 रन से जीता था। अहमदाबाद में रविवार को इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 320 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम आखिरी 8 विकेट खोकर 185 रन ही बना सकी और 268 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। लायंस ने 83/2 से दिन की शुरुआत की। इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी में 409 रन बनाते हुए मेहमान टीम को 403 रन का असंभव सा टारगेट दिया।

पहली पारी में इंडिया-ए ने 192 और लायंस ने 199 रन बनाए। लायंस को पहली पारी में 7 रन की बढ़त मिली। साई सुदर्शन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने भारत-ए की ओर से 117 रन की पारी खेली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (60 रन देकर 5 विकेट) और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन (50 रन देकर 3 विकेट) ने मिलकर 8 विकेट चटकाए।



इंग्लैंड लायंस के ओपनर एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरुआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वे अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन मुलानी ने उन्हें LBW कर दिया। लीस 55 रन बनाकर आउट हुए। तब इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 120 रन था, लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर तीन और विकेट गंवा दिए।

# महतारी वंदन योजना हेतु आवेदनों का पंजीयन प्रारंभ

## सभी पंचायतों में भरवाए जा रहें फार्म

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





महतारी वंदन योजना के तहत आवेदनों का पंजीयन जिले में आज से प्रारंभ हो गया है। सभी पंचायतों में शिविर चल रही है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मैदानी अमलों के माध्यम से घर-घर सर्वे कर ऑफलाइन आवेदन भरवा रहें है। इसके बाद सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। सर्वे के दौरान आधार कार्ड, बैंक खाता आदि दस्तावेजों की कमी होने पर शिविर में बनवाए जा रहें हैं। जिले के जनपद पंचायतों में एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ के द्वारा बैठक लेकर महतारी वंदन योजना पंजीयन एवं आवेदन के संबंध में जानकारी दी जा रही है और पात्र हितग्राहियों को योजना के तहत् लाभ मिल सके इस हेतु सार्थक पहल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र है। योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी से ऑनलाइन व ऑफ लाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अनंतिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अनंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व.घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल पद तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए 9244523640 जिला महिला बाल विकास विभाग के महतारी हेल्पलाइन नम्बर से संपर्क कर सकते हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया हुई पूर्ण

## 9 मतों से निर्वाचित होकर जिला पंचायत अध्यक्ष बनी शांति भगत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आज जिला पंचायत जशपुर में 11 बजे निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए शांति भगत और आरती सिंह उम्मीदवार थी। मतगणना में शांति भगत 09 मत और आरती सिंह को 04 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार 09 मतों से निर्वाचित शांति भगत जिला पंचायत अध्यक्ष बनी। उल्लेखनीय है कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत के जशपुर विधायक बनने से जिला पंचायत अध्यक्ष का पद रिक्त था। अध्यक्ष के रिक्त पद हेतु आज जिला पंचायत में निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न किया गया।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण 15 फरवरी तक होगा

## जिले के अब तक 84358 हितग्राहियों के राशन कार्ड का किया गया नवीनीकरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण 25 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक किया जाना है। जिले में कुल 2,49,188 प्रचलन में है। अभी तक 2,49,188 के विरुद्ध 1,05,987 हितग्राहियों के राशनकार्डो का नवीनीकरण किया गया है। राशनकार्ड हितग्राहियों की सुविधा हेतु राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही संबंधित उचित मूल्य दुकान में जाकर सीटीजन से नवीनीकरण कराये। जिसमें अब तक 84358 हितग्राहियों के राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया है। राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही स्वयं अपने एन्ड्रोइड मोबाइल में 2 स्टेप वेरीफिकेशन के कर सकते है। सिटीजन द्वारा घर बैठे अपने एवं अन्य राशन कार्ड का नवीनीकरण आसानी एप्प से अब तक 21629 राशनकार्डो का नवीनीकरण किया गया है।

## एक नजर

### जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा विकासखण्ड के ग्राम डुमरटोली निवासी स्व. विराज राम बांध के पानी में डूबने से 27 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता विनोद राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार ग्राम ढेंगनी, निवासी स्व.अगनू राम का कुआं के पानी में डूबने से 18 जनवरी 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के भाई संपत राम, विसेंनद्र राम, कपिल राम एवं बहन सतपति बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### जिले में 33720 पंजीकृत किसानों से कुल 304749.88 मे. टन खरीदी की गई है धान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा निर्धारित समयावधि 1 दिसंबर 2023 से 4 फरवरी 2024 तक जिले के 46 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर 33.720 पंजीकृत किसानों से कुल 304749.88 मे. टन धान की खरीदी की गई है। जो विगत वर्ष के 196675.16 मे. टन अधिक है। जिले में 194477 मे.टन का डीओ जारी किया गया है जिसके विरूद्ध 178577 मे. टन धान का उठाव किया गया है। जिलो के समितियों में शेष धान का शासन द्वारा सभी जिला के लिए रिवाईज लक्ष्य निर्धारण 2.3 दिवस के भीतर किया जायेगा। तत्पश्चात जिले के उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान का डी. ओ.जारी करने व धान का उठाव शासन द्वारा निर्धारित समय 29 फरवरी 2024 तक पूर्ण की जावेगी।

### अंतरिक्ष केंद्र के एक्सपोजर विजिट कर गए जशपुर के 43 मेधावी विद्यार्थियों ने चेन्नई के पेरियार साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेंटर का किया शैक्षिक भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के द्वारा जशपुर जिले के 43 मेधावी विद्यार्थियों को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का नि:शुल्क भ्रमण कराया जा रहा है। आज चेन्नई के पेरियार साइंस और टेक्नोलॉजी सेंटर का विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। पेरियार साइंस और टेक्नोलॉजी सेंटर के ओसियन गैलरी जिसमें मरीन इकोलॉजी, सबमरीन वोल्कानो, ओसियन क्रस्ट, ओसियन फूड वेब, ज्वार भाटा, कोस्टल जोन मैनेजमेंट, विभिन्न मेटल और समुद्री पत्थरों का अवलोकन सम्मिलित रहा। ओसियन गैलरी के साथ डॉक्टर सोलोमन हार्ट गैलरी और ट्रांसपोर्ट गैलरी का अवलोकन भी बच्चों ने किया। साइंस सेंटर में एनर्जी कन्वर्जन, कंजर्वेशन व इलेक्ट्रिसिटी के मॉडल व मेकैनिज्म के साथ न्यूटन क्रैडल का अवलोकन भी उन्होंने किया। विद्यार्थियों ने साइंस ऑन स्पेयर में जाकर विज्ञान के साथ मनोरंजन की कई गतिविधियों हेड ओन प्लेटर, वैनिशिंग मिरर, इंफिनिटी वेल, इराज द फिगर, घोस्ट वॉक, जैसी कई आर्टिफिशियल इल्यूजन की गतिविधियों की। विद्यार्थियों ने कहा इस प्रकार का यह हमारा पहला अनुभव है। अध्ययन के साथ इस प्रकार के मनोरंजन से वे बहुत उत्साहित और प्रफुल्लित रहे। विद्यार्थियों ने स्पेस सेंटर, न्यूक्लियर हाल की अवलोकन के साथ प्रागैतिहासिक वाइल्डलाइफऔर ग्रीनरी पर बनी 3 डाइमेंशनल वीडियो शो भी देखा अंत में इवोल्यूशन पार्क जाकर डायनासोर युग से लेकर मानव तक के इवोल्यूशन की प्रदर्शनी के साथ बिरला प्लैनेटेरियम में सभी ग्रहों उपग्रह तारों, उल्का पिंडों सहित गैलेक्सी की विस्तृत ऑडियो विजुअल आकर्षक शो देखा।

संकल्प के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रौद्योगिकी के मॉडल्स और उसके मैकेनिज्म को भौतिक रूप से समझने के अवसर उपलब्ध करा रहा यह एक्सपोजर विजिट उच्च शिक्षा और रिसर्च के लिए एक सीढ़ी के समान है जो भविष्य में कई संभावनाएं तलाश करने में मदद करेगा।

# 43 टॉपर्स विद्यार्थियों ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण

## मिशन कमांड सेंटर, रॉकेट लॉन्च पैड के साथ स्पेस म्यूजियम में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के मॉडल और भारतीय स्पेस मिशन का किया अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



भावी वैज्ञानिकों ने देखा सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के द्वारा प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के 43 टॉपर्स विद्यार्थियों को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का एक्सपोजर विजिट कराया गया है। सुबह 10:00 बजे से शुरू हुए शैक्षणिक भ्रमण में सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष केंद्र के मिशन कमांड सेंटर का अवलोकन किया। कमांड सेंटर में देश के वैज्ञानिकों और वीवीआईपी के लिए बने दर्शक दीर्घा में बैठकर स्कूली बच्चों ने रॉकेट लॉन्च, कमांड कंसोल्स के ऑपरेशन, रॉकेट प्रक्षेपण के सभी चरणों लॉन्च, सेपरेशन, सैटेलाइट और डेप्लॉयमेंट के साथ मानव मिशन के एस्ट्रोनॉट लैंडिंग की विस्तृत जानकारी के साथ ऑन बोर्ड कैमरा वीडियो फुटेज का देखा।

175 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले अंतरिक्ष केंद्र के 3000 से 8000 टन पेलोड क्षमता के पीएसएलवी और जीएसएलवी प्रक्षेपण हेतु सक्षम एडवांस लॉन्च पैड में स्पेस सेंटर के प्रतिनिधि मूर्ति नायक के साथ विद्यार्थियों का दल पहुंचा। जहां रॉकेट प्रक्षेपण टावर के स्पेसिफिकेशन और मेकैनिज्म पर द्वारा चर्चा की गई। यहां प्रक्षेपण के दौरान उत्पन्न होने वाली हजारों डिग्री सेल्सियस की ऊष्मा के नियंत्रण, लाइटिंग टॉवर्स, टावर के सेक्शन्स एटावर में लगे हाइड्रोलिक क्रेन्स के कार्यो की विस्तृत जानकारी के साथ सभी विजुअल पाट्र्स का अवलोकन किया।

लांच पैड 2 के बाद विद्यार्थी ड्यूल मोड ओआईएल और आईपीएल की क्षमता के साथ पीएसएलवी प्रक्षेपण यान की लॉन्चिंग में सक्षम लॉन्च पैड 1 का अवलोकन करने पहुंचे। यहां पर विद्यार्थियों ने प्रक्षेपण टावर के स्पेसिफिकेशन, डाइमेंशन सहित मेकैनिज्म की बारिकियों को समझा। अंत में विद्यार्थी स्पेस म्यूजियम देखने पहुंचे ।

रॉकेटरी और एस्ट्रोनॉट हाल में लॉन्च-2 के मॉडल, स्पेस एक्टिविटी, स्पेस मिशन के सक्सेस, रॉकेट पेलोड सेक्शन, सॉलिड एंड लिक्विड प्रोपल्शन, रॉकेट स्ट्रक्चर, सैटेलाइट चंद्रयान 3, लॉन्च व्हीकल डिजाइन एंड डेवलपमेंट आदि का अवलोकन किया। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी अंतरिक्ष केंद्र के भ्रमण के दौरान बहुत ही उत्सुक और रोमांचित रहे। उनकी उत्सुकता को वैज्ञानिक मूर्ति ने भी बखूबी समझ लिया था तथा उन्होंने बच्चों के मन में उठ रहे सभी सवालों का जवाब भी दिया। विद्यार्थियों के लिए यह एक ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण रहा जो प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्र में जशपुर के विद्यार्थियो को आगे बढ़ाने में प्रेरित करेगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन एवम कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल द्वारा जिले के मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को संदेश भी दिया गया है कि बेहतर ढंग से पढ़ाई करके टॉपर बनने से इस तरह का अवसर आने वाले वर्षों में भी मिलता रहेगा।

# नहरपाली ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक उमेश पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।




खरसिया के ग्राम नहरपाली में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जैमुरा की टीम प्रथम स्थान व सक्ती सोन्ठि की टीम द्वितिय स्थान पर रही। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 50001 रुपये खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल और पीसीसी सदस्य अभय मोहंती द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय पुरुस्कार 25001 रुपये महेंद्र पटैल व दिगंबर पटैल द्वारा दिया गया है। और तृतीय पुरुस्कार 15001 रुपये ग्राम नहरपाली के सरपंच रुकमनी दिलीप राठिया द्वारा प्रदान किया गया है तृतीय पुरुस्कार के विजेता टीम खैरा व चतुर्थ पुरुस्कार संतोष चौहान जे एस डब्ल्यू के जनसंपर्क वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दी गया है, चतुर्थ पुरुस्कार के विजेता टीम ग्राम लिटाईपाली रही। ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल, पीसीसी सदस्यअभय मोहंती, महेंद्र पटैल, दिगंबर पटैल, संतोष चौहान, याद राम पटेल, प्यारी दास महंत जे एस डब्लू के सेकुरिटी इंचार्ज दीपक तिवारी और कॉट्रैट सेल के पवन यादव उपस्थित थे। फ इनल मैच का शुरुआत विधायक उमेश पटेल ने अपने हाथो टॉस करके किया और खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन किया जिसमें विधायक ने खुद बल्लेबाजी करके किया जिसमें उन्होंने एक सिक्स भी मारा। आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।



# आग से झुलस कर दिव्यांग हुई सुकांति का डीकेएस अस्पताल रायपुर में होगा इलाज

## जिले में अब तक 70 मरीजों की इलाज के लिए की गई व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर भोजन पकाने के दौरान,आग से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हुई महिला सुकांति बाई का निशुल्क उपचार रायपुर के मेडिकल कालेज में किया जाएगा। पीड़ित महिला को इलाज के लिए एंबुलेंस से जशपुर से रायपुर ले जा कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री कैम्प घोषित,बगिया स्थित सीएम निवास में आयोजित जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों को,लगातार राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर,यहां आने वाले प्रार्थियों के आवेदनों पर शासन प्रशासन के सहयोग से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जनदर्शन में उपचार में सहायता के लिए प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची सुकांती बाई ने बताया था कि वर्ष 2019 में उसके साथ यह दुर्घटना हुई थी। स्थानीय अस्पताल में इलाज से उसकी जान तो बच गई थी। लेकिन,इसके बाद से वह चलने फिरने में असमर्थ हो गई है। चिकित्सकों ने उंचे चिकित्सकीय संस्थान में उपचार कराने की सलाह दी है। लेकिन,आर्थिक संकट के कारण,वह बड़े अस्पताल में अब तक इलाज नहीं करा पाई है। सुकांति बाई की सहायता के लिए पहल करते हुए सीएम निवास ने रायपुर में इलाज की व्यवस्था की है। इसी तरह,पैर के गलन की गंभीर अज्ञात बीमारी से जूझ रहे कुनकुरी निवासी,रामचरित गुप्ता के इलाज की व्यवस्था मेकाहारा में और बेने निवासी पद्मावती बाई दस वर्ष के इलाज की व्यवस्था डीकेएस अस्पताल,रायपुर में की गई है। पद्मावती के आंख में खेलने के दौरान चोट लग गई थी। इलाज के बाद,चोट तो ठीक हो गई। लेकिन,इसके बाद से मासूम पद्मावती सिरदर्द से परेशान रहती है। जानकारी के लिए बता दें कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बीमार मरीजों को लगातार सहायता पहुंचाया जा रहा है। सीएम निवास बगिया की पहल पर अब तक 70 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था की जा चुकी है। इसके साथ ही,जशपुर सहित पूरे प्रदेश में व्यवस्था को सुधारने और मरीजों को सस्ती जेनरिक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी,साला ही निकला जीजा का हत्यारा

### बेमेतरा पुलिस की तत्परता से 5 आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

हाल ही में 03 फरवरी 2024 को जरिये मोबाइल एवं कंट्रोल रूम बेमेतरा के माध्यम से सिमगा बेमेतरा मुख्य मार्ग किनारे, ग्राम बसनी में एक व्यक्ति के दुर्घटना ग्रस्त होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुआ जिस पर तत्काल थाना पेट्रोलिंग टीम को मौका पहुंचकर घायल व्यक्ति को जरिये 108 एम्बुलेंस के जिला अस्पताल बेमेतरा भिजवाये तथा घायल व्यक्ति का नाम विजय वर्मा होनेए जिसके गर्दन पर धारदार वस्तु से कटने जैसा दिखाई देने, घटनास्थल पर मृतक के द्वारा कुछ लिखने का प्रयास किये जाने, मामला सडक दुर्घटना जैसा प्रतीत नहीं होने अपितु संदिग्ध प्रतीत होने संबंधी सूचना प्रदाय किया गया। जिस पर थाना बेमेतरा स्टाफ को तत्काल प्रकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला अस्पताल बेमेतरा रवाना कराया तथा हमराह थाना स्टाफ के साथ प्रकरण के घटनास्थल की ओर रवाना हुआ, जो कि जिला अस्पताल में उपस्थित पुलिस टीम के द्वारा घायल व्यक्ति विजय वर्मा की ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के संबंध में सूचना प्रदाय किया गया। जिस पर स्टाफ को मर्ग पंजीबद्ध कराये जाने, मृतक के परिजनों से संपर्क करने तथा शव पंचनामा आदि कार्यवाही करने। मृतक की मृत्यु के संबंध में थाना बेमेतरा में अस्पताली मेमो पर से मर्ग कायमी पश्चात, जिला अस्पताल बेमेतरा में परिजनों की उपस्थिति में मर्ग पंचनामा कार्यवाही कराया गया। जो कि मृतक के गर्दन पर आई चोट धारदार हथियार से कटने के फलस्वरूप आना प्रतीत होना बताया गयाए पंचनामा साक्षियों के द्वारा भी मृतक के मृत्यु के संबंध में संदेह व्यक्त किया गया। मृतक विजय वर्मा के शव का पीएम जिला अस्पताल बेमेतरा से कराया गया है, पीएमकर्ता डांक्टर साहब के द्वारा मृतक का शार्ट पीएम रिपोर्ट प्रदाय किया है,जो कि प्रकरण के घटनास्थल निरीक्षण, परिस्थितिजन्य साक्ष्य, कथन गवाहान, शव पंचनामा कार्यवाही, शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा धारदार हथियार से मृतक विजय वर्मा की हत्या किया जाना प्रतीत होने से प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 302, 34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने पर प्रार्थी राधेश्याम साहू पिता जोहन साहू उम्र 27 साल वार्ड ब्याय जिला अस्पताल की ओर से थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 302,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान धारा 120 भादवि जोड़ी गई है।



### परिवारिक विवाद के चलते मृतक के बहन दमाद ने दी थी हत्या करने सुपाड़ी

घटना की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों सहित थाना बेमेतरा तत्काल मौके का मुआयना किया। मुआयना करने पर गंभीर रूप से घायल युवक की घटना अनेकानेक संदेहों को जन्म दे रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा व सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सायबर सेल की टीम एवं थाना/चौकी स्टाफ को अज्ञात हत्यारे की पतासाजी हेतु लगाया गया। पुलिस के लगातार प्रयास से प्रकरण में विवेचना के दौरान परीस्थितिजन्य साक्ष्य एवं टेकनिकल टीम की मदद से आरोपी ललित वर्मा को हिरासत में लेकर उक्त प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक विजय वर्मा की छोटी बहन की शादी ललित वर्मा नाम के युवक से हुआ था। जो कि शादी के बाद ललित वर्मा और उसकी पत्नि के मध्य पारिवारिक वादविवाद चल रहा था इसी कारण वश मृतक की बहन के द्वारा पूर्व में थाना बेमेतरा में अपने पति ललित वर्मा के विरूद्ध शारिरीक मानशिक प्रताड़ना संबंधी अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। जो कि ललित वर्मा अपने पारिवारिक कलह के पीछे मृतक को समझता था तथा मृतक के बीच इसी बात को लेकर लडाई झगडा होता रहता था। घटना के दो दिन पूर्व भी ललित वर्मा एवं मृतक के बीच बहस होना जिसमे ललित वर्मा के द्वारा जान से मारने संबंधी धमकी

*** परिवारिक विवाद के चलते शिक्षक की हुई थी हत्या**
*** ग्राम जिया के शासकीय स्कूल में पदस्थ था शिक्षक**

देने संबंधी तथ्य प्रकाश में आया। जिस पर से आरोपी ललित वर्मा द्वारा व्यथित होकर अपने मितान तुकाराम साहू से संपर्क कर विजय वर्मा की हत्या की योजना बनाया। जिस पर तुकाराम साहू द्वारा विजय वर्मा की हत्या के लिए देवा नामक व्यक्ति से संपर्क किया जिसे आरोपी ललित वर्मा ने विजय वर्मा की हत्या की सुपाड़ी दिया। घटना के एक दिन पूर्व आरोपी देवा अपने अन्य साथियो क्रमश शोमेश कोसरे तथा गुलशन के साथ बेमेतरा आकर ललित वर्मा से संपर्क कर मृतक के आने जाने के रास्ते के संबंध में तुकाराम के साथ मिलकर रेकी किया। तथा घटना वाले दिन आरोपी देवा के द्वारा अपने अन्य साथियों शोमेश कोसरे तथा गुलशन के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से मृतक की हत्या कारित किये। इसके बाद ललित वर्मा के द्वारा अपने मितान तुकाराम को मृतक विजय वर्मा की हत्या के एवज में ढाइ लाख रूपये दिये। जिसपर तुकाराम द्वारा अपने साथी नागेश्वर के साथ प्रकरण के आरोपियों से संपर्क कर उनको करीबन दो लाख रूपये हत्या करने के एवज में प्रदाय किया गया। वर्तमान समय तक उक्त पांच आरोपी को पकड़ा गया है प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिसकी पता तलाश की जा रही है। प्रकरण में हत्या की सुपाड़ी की रकम को आरोपियों के द्वारा आपस में बांटवारा कर लिया गया था, जो कि वर्तमान समय तक आरोपियों से करीबन 1 लाख 90 हजार रूपये की बरामदगी किया गया है, इसके अतिरिक्त आरोपियों के द्वारा प्रयुक्त मोबाईल फ ोन तथा आरोपियों से संबंधित 03 नग मोटर सायकल भी बरामद किया जा चुका है।

### प्रकरण में इन आरोपीगण थे मौजूद

ललित वर्मा पिता कौशल वर्मा उम्र 30 साल साकिन लोले सरा बेमेतरा। तुकाराम साहू पिता दिनानथ साहू उम्र 34 साल साकिन किरवई थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार। नागेश्वर रात्रे पिता कवल दास रात्रे उम्र 24 साल साकिन किरवई थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार। गुलशन ध्रुव पिता फेकन सिंह ध्रुव उम्र 27 साल साकिन गांधीनगर पंडरी थाना सिविल लाईन रायपुर, सोमेश कोसरे पिता दिनेश कोसरे उम्र 24 साल सरस्वती नगर पंडरी थाना सिविल लाईन रायपुर को पकड़ा गया है प्रकरण में विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 6 फरवरी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2024 निर्धारित है। इस भर्ती में छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष आनलाईन आवेदन 6 फरवरी तक कर सकते हैं। अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन परीक्षा की तिथि 17 मार्च 2024 को आयोजित की जाएगी। ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवार वायुसेना के वेबसाईट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन में जाकर पंजीयन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय अथवा राज्य की शिक्षा बोर्ड से इंटरमीडिएट या समकक्ष गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय अथवा त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेंटीमीटर तथा महिला हेतु 152 सेमी, सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी एवं फु लाने पर 82 सेमी, महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उन्होंने बताया कि उत्तीर्ण उम्मीदवार को 4 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। जिसमें प्रथम वर्ष 30,000 रुपये प्रतिमाह एवं भत्ता की राशि देय होगी। 4 वर्ष की सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाभ दिया जाएगा।

### बोरिया के ग्रामीणों का अपनी पुरातन परम्पराओं को जीवित रखना सराहनीय-योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बोरिया में लोककला क्षेत्र के इतिहास में 48 घंटों तक अविरल रंग महोत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर गांव में मड़ई मेला भी आयोजित हुआ। इस आयोजन में प्रदेश भर से आए 3 हजार कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन, सराहनीय है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए कलाकारों ने अपनी कला की छठा बिखेरी है। इस तरह की परंपराओं को जीवित रखना जरूरी है। ताकि आज की युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को जानने व समझने का मौका मिले। वहीं लोगों का अपने धर्म और संस्कृति के लिए झुकाव बढ़ता है।

### महतारी वंदन योजना अंतर्गत कलेक्टर चौहान ने स्वयं भरा आवेदिका ताराबाई निषाद का फार्म

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर केएल चौहान ने महतारी वंदन योजना के आवेदन जमा करने के प्रारंभ दिवस पर सारंगढ़ के वार्ड क्रमांक 2, 3 के और सहसपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में भ्रमण कर हितग्राहियों से चर्चा किया और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए किए गए व्यवस्था का निरीक्षण किया। कलेक्टर चौहान ने एक आवेदिका ताराबाई निषाद का महतारी वंदन योजना का फॉर्म स्वयं भरकर जमा किया। साथ ही अन्य आवेदिकाओं के साथ चर्चा कर, उन्हें योजना प्रारंभ की शुभकामनाएं देते हुए श्रीफल देकर सम्मानित किया।

# कलेक्टर चौहान ने वोटिंग मशीनों के एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।





कलेक्टर केएल चौहान ने कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में प्रारंभ हुए वोटिंग मशीनों के प्रथम स्तर पर जांच एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर चौहान को इंजीनियरों ने इस जांच के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। इंजीनियरों ने बीयूएसीयू, वीवीपैट को जोड़ने वाले केबल, बैटरी, चिन्ह लोड, वीवीपैट मशीन चालू होने पर टेस्ट के लिए स्वतः निकलने वाले पेपर, सभी बटन काम कर रहे हैं कि नहीं आदि को भौतिक रूप से परीक्षण करके कलेक्टर चौहान को अवगत कराया। कलेक्टर ने इस जांच दल में कार्यरत जिला और विधानसभा मास्टर ट्रेनरों को कार्य के संबंध में जानकारी लिया। इसके साथ ही साथ चौहान को संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा से जांच, भंडारण, रखरखाव आदि के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज,तहसीलदार रूपाली मेश्राम, जिला मास्टर ट्रेनर थानेश्वर चन्द्रा, जे.आर बंजारे, चूड़ामणि गोस्वामी, एसआर बंजारे, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, कर्मचारी अविनाश सिदार, कुंज बिहारी गहरे आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब की कारोबार बंद को लेकर विधायक लामबंद

### पांच दिवस के बित जाने के बावजूद भी जिला प्रशासन के कान में जूं तक नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**नशा नाश के कारण होता है और इसी बात को जहन में लेकर के भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव के द्वारा नशाखोरी बंद के नारे के साथ आज जयस्तंभ चौक भाटापारा में धरना पर बैठ गए और आज सैकड़ो की तादाद में भारी भीड़ भी धरने स्थल पर दिखाई दिए।**






पूरा मामला बलौदाबाजार भाटापारा जिले के भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र का है और जहां पर निवास करते हैं भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव जो अभी नवनिर्वाचित विधायक बने हैं जिन्होंने बताया कि पूरे मेरे क्षेत्र अंचल में जब भी मैं चुनाव के प्रचार में था तब भी और अभी भी जब जा रहा हूं तब भी लगातार मुझे महिलाओं के द्वारा यह सुनने को मिल रहा है कि क्षेत्र में लगातार शराब बिक्री बढ़ रही है शराब के अलावा भी कई सारे नशीले चीज कभी इस्तेमाल आज के युवा लोगों के द्वारा भी किया जा रहा है जिससे क्षेत्र में बहुत ही नशाखोरी की लत पड़ गई है और मेरा उद्देश्य शराब को बंद करने का नहीं है बल्कि उसमें लगाम लगाने का है साथ ही साथ में तो यही कहूंगा कि सरकारी शराब जो बिक रहा है वह बिके मगर क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री ना हो मेरा उद्देश्य सिर्फ इस धरने पर बैठने का यह है कि मैं प्रथम नागरिक के रूप में दर्ज प्राप्त हूं और जनप्रतिनिधि हूं साथ ही साथ मैं एक विधायक होने के नाते अगर इस तरह के कारोबार को अगर मैं शासन प्रशासन को अवगत कराऊंगा और करने के बावजूद भी अगर कार्यवाही के नाम पर सिर्फ झुनझुना पकड़ाया जाएगा या दिखाया जाएगा तो मैं क्या समझूंगा, मेरे क्षेत्र में लोकप्रियता को देखकर के मुझे यहां पर विधायक रूप में लोगों ने चुना मगर आज विधायक की गरिमा का कोई मोल नहीं दिखाई दे रहा है इस कारण से आज बजट सत्र के प्रथम दिवसी मैं यह निश्चिय किया कि अब जब तक क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं होगी या लगाम नहीं होगी तब तक मैं यहां से नहीं उठुंगा और यह अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ रहेगा इंद्र कुमार साव ने यह भी बताया कि वह लगातार शासन प्रशासन को अवगत करा रहे हैं पहले भी एसडीएम कार्यालय को आवेदन देते हुए घेराव कीए, 1 तारीख को कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन सौंपे हैं। मगर अभी तक लगभग इस प्रक्रिया में 15 दिन गुजर चुके हैं कार्यवाही के नाम पर सिर्फ शुन्य दिखाई दे रहा है इस कारण से यह आंदोलन जारी हो गया है अब देखने वाली बात यह होगी कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री रोकथाम किस प्रकार से होगी खबर अभी बाकी है वह अगले अंक पर विभागों एवं उच्च अधिकारियों का वजन लेकर के खबर पून:प्रकाशित की जाएगी।

# जिले में महतारी वंदन योजना के पंजीयन का काम शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की महतारी वंदन योजना का महिला हितग्राहियों को लाभ देने के आवेदन पंजीयन का काम शुरू कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरीय निकाय, परियोजना अधिकारियों और समस्त पर्यवेक्षक एकीकृत बाल विकास परियोजना सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूरे जोश के साथ काम को अंजाम देना शुरू कर दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मैदानी अमलों के माध्यम से घर-घर सर्वे कर ऑफ लाइन आवेदन भरवा रहे हैं। सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। वही ग्राम पंचायत कार्यालय आदि में भी महिलाओं



को आवेदन दे कर पंजीयन की कार्रवाई की जा रही है। ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया जाएगा। सर्वे के दौरान आधार कार्ड, बैंक खाता आदि दस्तावेजों की कमी होने पर शिविर में ही यह दस्तावेज बनाए जाएँगे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों को फ ॉर्म उपलब्ध कराये हैं। आवेदन पंजीयन ऑफलाइन, ऑनलाइन दोनों किया जा रहा है। यह कार्रवाई आगामी 20 फरवरी तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगी। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा हैए उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र हैं। योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने पर शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फ रवरी हैं। अनंतिम सूची 21 फ रवरी को जारी की जाएगी। अनंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा।

# बड़े भंडार में पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन, करो योग रहो निरोग का आह्वान

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।



पुसौर विकास खंड के बड़े भंडार में 31 जनवरी को लगभग 250 छात्र छात्राओं ने योग के लिए जन जागरुकता रैली निकाल कर चौक चौराहों में सघन प्रचार प्रसार के जरिए जनता को जागरूक किया इस दौरान पापलेट का वितरण भी किया गया। 1 फरवरी से 5 फरवरी तक आयोजित योग शिविर में प्रात: 7 से 9 बजे तक योग प्रशिक्षक दुलामणी के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया । पांच दिनों में 970 लोगो योगाभ्यास में शामिल हुए। योग प्रशिक्षण शिविर में ध्यान, सूक्ष्म व्यायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भाती प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम, नौकासन सूर्य नमस्कार शवा आसन वृक्षासन तिर्यकासन पवन मुक्तासन मकर आसन वज्रासन चक्रासन सहित बहुत से योगासनों का अभ्यास कराया गया। योग शिविर के समापन समारोह में डॉक्टर अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि योग सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि मनुष्य के जीवन में वैचारिक बदलाव का भी सशक्त माध्यम है नियमित योगा से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त होता है रोगों से मुक्ति में भी लाभकारी होता है ।आज अपने आप को स्वस्थ्य रखना बहुत बड़ा चैलेंज है जिसके लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन आधा घंटा योगा करना बहुत जरूरी है कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मेसिस्ट भोजकूमार मालाकार सरपंच श्री दीनबंधु सिदार सदभावना स्कूल के डायरेक्ट ओमप्रकाश गुप्ता प्राचार्य विशिकेशन गुप्ता संतोष प्रधान फूलचंद गुप्ता वृंदा मालाकार सतीश मैत्री संजुलता ममता भोय राजकुमारी कुजुर लक्ष्मी नारायण सिदार इत्यादि गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# विनायक कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क निर्माण कार्य में देरी का जिम्मेदार कौन?

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




खराब सड़के धरमजयगढ़ का मुख्य मुद्दा बन चुका है पर हाल ऐसा है की इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा। अधिकारीयों को जनता के हितो से कोई मतलब नहीं। अगर उन्हें आम जनता की परवाह होती तो तय समय में टेंडर का काम पूरा हो जाता। कई साल बीत चुके हैं टेंडर खत्म होने में मात्र कुछ ही दिन बचे है और सड़क का कार्य ना के बराबर ही हुआ है जो कंपनी इतने सालों में आधा सड़क भी ना बना सकी वह कुछ दिनों में और कितना निर्माण कर पायेगी। सबसे बड़ी पहेली तो इस बात पर है की इतने सालों से सड़क निर्माण कार्य से सम्बंधित सरकारी कर्मचारी क्या कर रहे थे। उनका ध्यान इस बात पर क्यूं नहीं गया की समय बीतता चला जा रहा और निर्माण कार्य लगभग ना के बराबर हुआ है। वर्तमान में भाजपा की नयी सरकार द्वारा कुछ दिनों पहले निर्माण कार्य में देरी करने वालों पर कार्यवाही होने की बाते सामने आ रही थी तब क्या श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और विनायक कंस्ट्रक्शन इन कंपनियों पर सरकार द्वारा सच में कोई कार्यवाही होंगी या फिर जनता के परेशनी को नजर अंदाज करते हुए इन कंपनी कर टेंडर समय-सीमा को बढ़ाया जायेगा। अगर समय सीमा बढ़ाया जा रहा तब क्या घटिया सड़क निर्माण कार्य पर कोई कार्यवाही होंगी।

## एक नजर

### ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत फरार स्थायी वारंटी को परपोडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियों को पकड़ने ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना परपोडी पुलिस स्टाफ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 9/24, अपराध क्रमांक 128/23 धारा 354, 456 भादवि में फरार चल रहे स्थायी वारंटी राजा वैष्णव पिता भूपेन्द्र वैष्णव उम्र 24 साल साकिन परपोडी थाना परपोडी जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना परपोडी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक दिनेश सोनी, आरक्षक नवीन राजपूत, पुरूषोत्तम कुम्भकार एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

### खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत कर रहे 9 वाहनों को जप्त किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा कोसीर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर 09 वाहनों को जप्त कर आगामी कार्यवाही तक थाना कोसीर के सुपुर्दगी में दिया गया। संबंधित वाहन चालकों से पूछताछ करने पर ग्राम सिघनपुर, मल्दा-अ, दहिदा तथा बरभाठा से रेत का अवैध रूप से उत्खनित होना बताया गया।

## राज्य सभा संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने विधायक रामकुमार टोप्पो का सम्मानित कर खूब प्रशांसा की

जोहार छत्तीसगढ़-सीतीपुर।

भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में भाजपा विधायक दल की बैठक रखा गया था इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय व राज्य सभा संगठन मंत्री शिव प्रसाद के उपस्थित में सम्पन हुई, बता दें कि इस बजट सत्र से पहले भाजपा ने विधायकों के बीच एक बैठक की और विपक्ष के जबावों को देने के लिए रणनीति पर भी चर्चा की गई, वहीं इस बैठक में राज्य सभा संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने सीतापुर विधानसभा सीट में भाजपा की पहली बार जीत पर खुशी जाहिर करते हुए सीतापुर विधानसभा के विधायक रामकुमार टोप्पो जी को मंच पर बुलाकर मला पहनते हुए सम्मानित किये और कहा की आजादी के बाद आज पहली बार सीतापुर विधानसभा में भाजपा का कमल एक सैनिक ने खिलायाएऔर भाजपा को जीत दिलाई है कहते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो जी की खूब प्रशंसा किये।



## महतारी वंदना योजना की जानकारी देने परियोजना अधिकारी ने ली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



महतारी वंदना योजना का फार्म 5 फरवरी से भरना चालु हो गया है राज्य में सभी जगहों पर यह योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने का काम सरकार द्वारा चल रहा भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से पहले घोषणा की गयी थी की सरकार बनते ही सभी महिलाओं को सालाना 12000 रूपये इस योजना के तहत मिलना चालु हो जायेगा। कुछ ही दिन हुए सरकार गठन मे और तत्काल यहां योजना का लाभ गांव वालों को देने का प्लान बन चूका है छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय ने भरोसा दिलाया था की मोदी की गारंटी है जिसे पूरा किया जायेगा अब यह सच में पूरा होने के कगार पर आ गया है। आज से फार्म भरने की तिथि प्रारम्भ हो गयी है जिसमे किसी प्रकार की कोई गलती ना हो इसी को देखते हुए परियोजना अधिकारी पूनम मित्तल द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक ली गयी जिसमे सभी को फार्म भरने के तौर तरीके सिखाये गए साथ ही किस किस दस्तावेजो की अवश्यकता है इन सभी की जानकारी दी गयी है इसी के साथ पूनम मित्तल ने कहा की सभी पूरी ईमानदारी से इस काम को करवाएंगे और किसी की भी शिकायत उन तक नहीं आनी चाहिए।




## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खराब सड़क को लेकर की आर्थिक नाकेबंदी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

*धरमजयगढ़ में खराब सड़को के मुद्दे पर कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं द्वारा नीचेपारा जयस्तम्भ चौक पर आर्थिक नाकेबंदी किया गया। जिसमे सिर्फ मालवाहक ट्रकों को रोका गया इसके अलावा चक्काजाम में फंसे सभी बस, दोपहिया वाहन, ट्रेक्टर सहित अन्य वाहनों को इसमें छूट दी गयी।*



यह चक्काजाम दोपहर 11 बजे से चालू किया गया जिसके कारण ट्रकों की लम्बी कतार लग गयी। जिसकी खबर लगते ही धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल तत्काल मौके स्थल पर पहुंचे जिसके बाद जनता द्वारा सड़क निर्माण कंपनी की जमकर शिकायत की गयी वर्तमान मे कापू से धरमजयगढ़ तक सड़क निर्माण कंपनी के ठेकेदार द्वारा लापरवाही से काम किया जा रहा नगर में कई लोगों के घर के सामने नाली खोद के छोड़ दिया गया है नाली खोदते समय पानी की पाइप टूट गयी। जिसके कारण पूरे नाली में पानी भर गया जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने एसडीएम से चलकर देखने का आग्रह किया जिसके बाद मौके पर एसडीएम द्वारा तुरंत नाली मरम्मत का आदेश दिया इसी के साथ सड़क ठेकेदार द्वारा आश्वासन दिया गया। कि कल से ही काम में तेजी लायी जाएगी 1-2 दिनों में कार्य तेज गति से प्रारम्भ ना होके की स्तिथि में एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा कार्यवाही करने की बाते कही गयी। नगरवासियों का कहना है की नीचेपारा से मांड नदी डोंगाघाट तक की सड़क की स्तिथि बहुत ज्यादा खराब है ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण लापरवाही से किया जा रहा सड़क किनारे गड्ढे खोद कर छोड़ दिया गया है। जिसमे लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं सड़क उखाड़ने के बाद छोड़ देने से धुल से नगरवासी परेशान हैं जिसका जवाब देते हुए ठेकेदार ने कहा की कई लोग सड़क किनारे के अपना घर नहीं तोड़ रहे जिससे उन्हें सड़क निर्माण मे परेशानी हो रहा वही नगरवासियों ने कहा की सड़क निर्माण कंपनी द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया। जिसके बाद सभी की बाते सुनते हुए एसडीएम ने आदेश दिया की जो लोग सड़क निर्माण में अड़ंगा डाल रहे उनके घर पर नोटिस चिपकाया जाए इसी के साथ कुछ दिनों के भीतर कार्यवाही कर सड़क निर्माण की कार्य चालू किया जाये इसी के साथ ठेकेदार को फटकार लगाते हुए एसडीएम ने कहा कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही ना करे अन्यथा उनपर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ गठन के बाद पहली बार बजट को लेकर उत्साहित है प्रदेश की जनता-ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भाजपा की सरकार आने के बाद पूरे प्रदेश वासियों की नजरे बजट की ओर लगी हुई है। ऐसा पहली बार हुआ जब जनता बजट को लेकर उत्साहित नजर आ रही है। यह बजट प्रदेश के विकास का आईना साबित होगा और रायगढ़ से पहली बार एतिहासिक मतों से जीत कर विधायक बने ओपी चौधरी सूबे के वित्त मंत्री बनाए गए हैं रायगढ़ की जनता के साथ साथ प्रदेश की जनता की नजर इस लाडले नेता की ओर टिकी हुई है। भाजपा की सरकार बनते ही भ्रष्टाचार को लेकर ओपी ने जिस तरह से सार्वजनिक बयान दिया उससे आम जनता का विष्णु देव साय सरकार के सुशासन के प्रति एक भरोसा पैदा हुआ है। बजट की तैयारियो लेकर ओपी चौधरी ने जिस तरह से दिन रात एक किया है उससे आम जनमानस में सुशासन को लेकर एक भरोसा पैदा हुआ है। प्रदेश गठन के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब सरकार के वित्त मंत्री ने सभी विभागों के मंत्रियों की उपस्थिति



में सबंधित अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित की और विभागीय काम काज की समीक्षा करते हुए योजनाओ के क्रियान्वन हेतु फीड बैक लिया गया। बजट की तैयारियो के पूर्व इस बैठकों के जरिए बहुत सी योजनाओ के संबध में जमीनी अध्यन किया जाना लाभदाई साबित होगा। बजट के पूर्व वित्त मंत्री की इस मेहनत की सराहना बुद्धिजीवियों सहित सर्वहारा वर्ग ने की हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी वित्त मंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सराहा है। चूंकि ओपी चौधरी राजनीति में आने के पहले जिलाधीश थे और बहुत से काम ऐसे किए है जो प्रदेश भाजपा की सरकार के लिए मिल के पत्थर साबित हुए है। नालंदा परिसर लाइब्रेरी दंतेवाड़ा में एजुकेशन सिटी लाइव ली गुड कॉलेज सहित ऐसी योजनाएं जिसकी सराहना कांग्रेस सरकार सहित मोदी सरकार ने की है। प्रधान मंत्री मोदी ने एजुकेशन सिटी की सराहना की थी। बड़ी बात यह है कि ओपी चौधरी ने इन योजनाओं के निर्माण से लेकर स आवश्यक राशि जुटाने के लिए पूरी क्षमता का उपयोग किया यही वजह है कि ये योजनाएं न केवल समय से पूरी हो पाई बल्कि पारदर्शिता के साथ प्रदेश की जनता को लाभ मिला है। ओपी पहले ऐसे कलेक्टर है जिनके द्वारा किए गए कार्यों का लाभ जनता को मिल रहा। राजनीति में भी ओपी चौधरी आम जनता का भरोसा जीतने में सफल साबित हुए है।

### कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का चुनाव संपन्न-भारद्वाज

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



छत्तीसगढ़ राज्य कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ जिला इकाई शक्ति ने 4 फरवरी 2024 को स्थान विश्राम गृह शक्ति समय 11 से 2 बजे तक प्रांतीय निकाय के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिला निर्वाचन अधिकारी राधेलाल भारद्वाज जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश तिवारी संरक्षक ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि किस संघ के प्रांत अध्यक्ष पद के लिए लोकतांत्रिक चुनाव होना इस बात का प्रतीक है की प्रदेश के तहसीलदार संगठन के प्रति जागरूक समर्पित और एकजुट है तथा अपने लोकतांत्रिक अधिकार से परिचित हैं इस निर्वाचन में तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह शक्ति, संजय मिज मालखरौदा, बिसाहिन चौहान अडभार, विद्याभूषण साव बाराद्वार, सुशीला साहू शक्ति, भीष्म पटेल हसौद, अनुराग भट्ट जय जयपुर, अभिजीत राजभानु चंद्रपुर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया उल्लेखनीय की प्रांत अध्यक्ष पद हेतु दो अभ्यर्थी चुनाव मैदान में भाग लिए पहले गुरु दत्त पचभाये तहसीलदार दुर्ग और दूसरा नीलमणि दुबे तहसीलदार बलौदा बाजार के बीच कड़ी स्पर्धा है। राधेलाल भारद्वाज जिला निर्वाचन प्रभारी एवं जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शक्ति।

## जन चौपाल में लैपटॉप की मांग लेकर पहुंचे दृष्टि बाधित प्रकाश साहू

**कलेक्टर डॉ. सिंह ने दिया जल्द लैपटॉप दिलाने का आश्वासन**

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की जनचौपाल में अब सिर्फ मांग और शिकायतों के आवेदन ही नहीं, बल्कि धन्यवाद सन्देश भी आने लगे हैं। आज सोमवार को आयोजित जन चौपाल में प्रोफेसर कॉलोनी निवासी प्रदीप मिश्रा एवं कुशालपुर निवासी जीतू ने अपनी शिकायतों का त्वरित निराकरण होने पर कलेक्टर डॉ सिंह को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही छात्र प्रकाश साहू ने पढ़ाई के लिए अच्छे रैम के लैपटॉप के लिए आवेदन दिया। कचना निवासी प्रकाश साहू दृष्टिबाधित हैं और बीए पाठ्यक्रम के छात्र हैं। उन्होंने जनचौपाल में कलेक्टर को बताया कि उनके कोर्स के लिए ज्यादा स्टोरेज और तेज प्रोसेसिंग वाले उपकरण की आवश्यकता है और मोबाइल पर पढ़ाई करने में उन्हें असुविधा होती है। उन्होंने कलेक्टर से ज्यादा रैम वाले लैपटॉप की मांग की जिससे वो पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर अपना भविष्य बना सकें। कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक उनकी मांग को सुना और सम्बंधित विभाग के अधिकारी को यथासंभव निराकरण करने के निर्देश दिए। विगत जनचौपाल में प्रदीप मिश्रा अपने निवास के सामने की सड़क पर स्थित चैम्बर में ढक्कन नहीं होने की समस्या लेकर आये थे। ढक्कन नहीं होने के कारण सड़क पर चलते हुए एवं वाहन चलाते हुए दुर्घटना होने का खतरा जनचौपाल में आवेदन देने के 4 दिन के भीतर ही चैम्बर में ढक्कन लग गया। इसी प्रकार कुशालपुर निवासी जीतू ने अपने क्षेत्र में अवैध वसूली की शिकायत की थी। जिसके बाद कलेक्टर डॉ सिंह ने त्वरित कार्यवाही की। जीतू ने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि उन्हें और बाकी व्यापारियों को अवैध वसूली बंद होने से काफी राहत मिली है।





जनचौपाल में कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए। राजा तालाब की निवासी ज्योति यादव ने नया राशन कार्ड बनवाने, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने स्कूल के बिजली बिल का नियमित भुगतान सुनिश्चित करवाने, ग्राम डोमा निवासी कुमार यादव ने आबादी भूमि में अवैध कब्जा किये जाने के संबंध में, ग्राम सण्डी के डेमेश्वर कुमार ने बीएड की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त सहायता राशि का चेक रूका होने, लक्ष्मण नगर निवासी राजेश यादव ने नामांतरण के लिए पैसे की मांग किए जाने और परशुराम नगर निवासी अमित पवार ने मकान की छत के उपर से हाई टेंशन विद्युत पोल हटवाने हेतु आवेदन दिए। कलेक्टर डॉ सिंह ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को मार्क करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी अधिकारी जनचौपाल में कलेक्टर द्वारा मार्क होकर आए प्रत्येक आवेदन के निराकरण की जानकारी अगली समय सीमा की बैठक में कलेक्टर को देना सुनिश्चित करें।

## धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल ने विनायक कंस्ट्रक्शन की 4 गिट्टी लोड गाड़ियों पर की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




इस वक्त की सबसे बड़ी खबर धरमजयगढ़ से आ रही जहां पत्थलगांव से खरसिया तक सड़क निर्माण करने वाली श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और विनायक कंस्ट्रक्शन की 4 गाड़ियों पर एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल द्वारा जनता के विरोध को सुनते हुए जप्ती करने का मौखिक आदेश दिया है जिसके बाद थाना प्रभारी अमित तिवारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए 4 गाड़ियों को धरमजयगढ़ थाना में लाया गया। जनता द्वारा एसडीएम धरमजयगढ़ को बताया गया की विनायक कंस्ट्रक्शन की गाड़ियां बिना रायल्टी के गिट्टी परिवहन कर रही है।

जिसके बाद एसडीएम द्वारा तत्काल ड्राइवरों से कागजात की मांग की गयी तब किसी के पास कागजात ना होने के कारण एसडीएम द्वारा तत्काल थाना प्रभारी को गाड़ियां जप्ती के आदेश दिए गए जिसके बाद आगे की कार्यवाही धरमजयगढ़ थाना द्वारा की जा रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in